वर्ष-31, अंक- 233, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
10 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10

## एक नजर

### अपहरण के चार आरोपी गिरफ्तार, 9 लाख 5 हजार रुपये की फिरौती बरामद

**चतरा।** पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने अपहरण कांड का पर्दाफाश करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों ने गिद्धौर के दुवारी गांव में निर्माणाधीन पुल में कार्यरत मुंशी धर्मेंद्र गुप्ता का अपहरण किया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 9 लाख 5 हजार 700 रुपये नकद, एक देशी कट्टा, तीन कारतूस, आठ मोबाइल, दो बाइक, सीसीटीवी डीवीआर और अन्य सामग्री जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में रमेश करमाली, दीपक यादव, राजन यादव और सुभान अंसारी शामिल हैं। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### कोडरमा में लिव इन में रह रही तलाकशुदा महिला का मिला शव

**कोडरमा।** कोडरमा जिले के तिलैया थाना अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में सोमवार की सुबह तलाकशुदा महिला आयुषी चावला (26) का शव मिला। वह जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। उसका शव जिस घर से मिला है, वह उसके कथित ब्वॉयफ्रेंड हर्ष सोनकर का है। वह झुमरीतिलैया का फल व्यापारी बताया जाता है। वहीं, युवती की मां का कहना है कि उसके ब्वॉयफ्रेंड ने ही उसकी हत्या की है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धरती आबा को अर्पित की श्रद्धांजलि, कहा-

# भगवान बिरसा मुंडा युगों युगों तक किए जाएंगे याद

- कहा, बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 125वें बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनको नमन किया। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन उनके साथ थीं। मौके पर राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव नंदकिशोर मेहता, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री सोरेन ने इस मौके पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर हर साल की तरह इस वर्ष भी उनकी 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने आए हैं। उनकी पुण्यतिथि झारखंड के लोगों के लिए बहुत मायने रखती है। उन्होंने कहा, दुख इस बात की है कि भगवान बिरसा मुंडा आज हमारे बीच नहीं हैं। लेकिन, गर्व इस बात का है कि उन्होंने यहां के जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों तथा मूलवासियों को संरक्षण देने में बड़ा योगदान दिया है और उनका यह योगदान युगों-युगों तक याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरसा मुंडा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा, धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें। जय बिरसा, जय झारखंड।



### धरती आबा का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर धरती आबा बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि धरती आबा का साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।

### भगवान बिरसा मुंडा का त्याग सदैव प्रेरित करता रहेगा : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा को उनके बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का त्याग और समर्पण देश के लोगों को प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, स्वतंत्रता संग्राम के महानायक भगवान बिरसा मुंडा जी को उनके बलिदान दिवस पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। आदिवासी भाई-बहनों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका त्याग और समर्पण देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा समेत कई नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री अमित शाह ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 'एक्स' पोस्ट में लिखा, महान स्वाधीनता सेनानी एवं जनजातीय अस्मिता के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। धरती आबा ने आदिवासियों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर जिस दृढ़ता और सीमित संसाधनों से विदेशी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह किया, उसने देश के युवाओं में राष्ट्रीयता और स्वतंत्रता की नई क्रांति का संचार किया।

पीएम मोदी ने 'एक्स' हैंडल पर कई पोस्ट किए, लिखा

## सभी योजनाओं ने देशवासियों को दिए उम्मीदों को नए पंख

- भारत ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में देखे हैं तेज परिवर्तन
- महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज बन गया है भारत

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने पर कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर 'सेवा के 11 वर्ष' हैशटैग के साथ कई पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जन औषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया। 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से संचालित भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ पथ प्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, लोगों पर केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आज भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है। लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे देखते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों को 'नमो ऐप' के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह ऐप सरकार की उपलब्धियों को इंटरैक्टिव तरीके से प्रस्तुत करता है। इसमें गेम, क्विज, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूप शामिल हैं, जो जानकारी देने के साथ ही लोगों को प्रेरित करते हैं।

### नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव शहीद

**रायपुर (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिसकर्मियों की एक टीम नक्सलियों के लगाए आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आ गई। इस आईईडी ब्लास्ट में सुकमा जिले के कोंटा डिवीजन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरपुंजे (42) शहीद हो गए। सुकमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से सोमवार को बताया गया कि कोंटा डिवीजन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपुंजे अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच के लिए पैदल गश्त पर थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान सोमवार की सुबह कोंटा-एरार्बरा मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट हुआ। विस्फोट की चपेट में आने से एएसपी आकाश राव, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर एवं कोंटा थाना प्रभारी सोनल गवला घायल हो गए।

कटहल मोड़ पर ऑटो चालकों ने ट्रैफिक पुलिस से की मारपीट

## होमगार्ड के जवान को पत्थर से मारा, गंभीर रूप से घायल

- जवान रिम्स में इलाजरत, पुलिस मामले की कर रही जांच
- मारपीट में शामिल ऑटो चालकों की हो रही तलाशी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के कटहल मोड़ पर सोमवार को कुछ युवकों ने ट्रैफिक पुलिस से मारपीट की। इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि मारपीट करने वाले ऑटो चालक थे।

जानकारी के अनुसार, नियम ताक पर रखकर चलने वाले कुछ युवा ऑटो चालकों और ट्रैफिक पुलिस के बीच बहसबाजी ने देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। यह मारपीट में बदल गई। युवकों ने ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात होमगार्ड के जवान पर पत्थर से हमला कर दिया। चोट



लगने के कारण जवान वहीं गिर पड़ा। मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जवान को रिंची अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। फिलहाल पत्थर फेंकने वाला ऑटो चालक फरार बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मारपीट में शामिल ऑटो चालकों को तलाश कर रही है।

**दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो : होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन**

**रांची।** राजधानी के द्वार कटहल मोड़ पर नियम-कानून को ताक में रखकर चलने पर जब ट्रैफिक पुलिस ने ऑटो चालक को टोका, तो दबंग ऑटो चालकों ने उन पर और होमगार्ड के जवान पर हमला कर दिया। इसमें होमगार्ड का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना से आहत झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग सरकार और ट्रैफिक एसपी से की है। जल्द से जल्द गिरफ्तारी नहीं होने की सूरत में एसोसिएशन द्वारा आंदोलन की बात कही गई है।

जल स्रोतों की साफ-सफाई मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

## बड़ा तालाब से गाद-जलकुंभी निकालने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है

- हरमू नदी में नालों का गंदा पानी रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** जल स्रोतों, नदियों और रांची के बड़ा तालाब की साफ-सफाई एवं संरक्षण के संबंध में स्वतः संज्ञान लेते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को सुनवाई की है। मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार से रांची के बड़ा तालाब एवं हरमू नदी की सफाई पर जवाब-तलब किया।

खंडपीठ ने सरकार से पूछा है कि बड़ा तालाब से गाद निकालने और जलकुंभी निकालने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है। हरमू नदी में नालों का गंदा पानी न जाए, इसके लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं। रांची उपायुक्त (डीसी) से कोर्ट ने यह भी पूछा है कि रांची के जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने के लिए क्या कार्रवाई की जा रही है। खंडपीठ ने कोर्ट के इस आदेश की जानकारी राज्य के मुख्य सचिव को भी देने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर हरमू नदी की साफ-सफाई पर विस्तृत जानकारी दी गई। इससे पहले, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव ने कोर्ट को बताया कि हरमू नदी की समय-समय पर सफाई कराई जा रही है, हरमू नदी में नालियों के माध्यम से सॉलिड वेस्ट ना जाए, इसे लेकर जगह-जगह नाली में जाली बनाया जाएगा। बड़ा तालाब से समय-समय पर जलकुंभी निकाली जा रही है और इसमें नालियों से गंदे पानी का ट्रीटमेंट कर साफ पानी को ही जाने दिया जा रहा है। पिछली सुनवाई में हस्तक्षेपकर्ता झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बड़ा तालाब की गहराई में जमे गाद को जबतक नहीं निकाला जाएगा, तबतक पूरी तरह से इसकी सफाई नहीं हो सकेगी।

**इंडिया**

## पति पत्नी और वो या नशे के कारण भारतीय नारियां उजाड़ रहीं हैं सुहाग



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत की सनातन परंपरा में सात फेरे,सात वचन और सात जन्मों तक साथ निभाने की बात लगता है अब धुंधली पड़ने लगी है और छोटी-छोटी बातों पर तलाक से लेकर पति पर गंभीर आरोप लगाने की घटनाएं पहले अभिजात्य वर्ग या फ़िल्मी कलाकारों तक सीमित थी अब आम हो गई हैं और झारखंड के गांवों से लेकर महानगरों तक पति हन्ता पत्नियों की चर्चित कथाएं सोशल मीडिया और एलेक्ट्रानिक मीडिया में आम हैं । पहले पत्नियों की हत्याएं होतीं थीं अब नवविवाहिताएं तक हत्या करा रहीं हैं । एक रिपोर्ट के अनुसार देशभर में साल में औसतन लगभग 225 पति की पत्नियां हत्या कर देती हैं और लगभग 275 पत्नियां पति के हाथों मारी जाती हैं। बेंगलुरु में 37 वर्षीय रियल एस्टेट व्यवसायी लोकनाथ सिंह की हत्या उसकी पत्नी और सास ने मिलकर विवाहेत्तर संबंधों के शक में की। पहले नींद की गोलियां खिला कर बेहोश किया, फिर गाड़ी में सुनसान जगह पर ले जाकर चाकू से उसका गला रेत दिया। बिहार में पति की हत्या करने के बाद अनीता ने बेटे को फोन कर बोली बेटा मेरी तबीयत खराब है जल्दी घर आ जाओ। बेटे राजेश ने बताया कि पिता की शराब की लत से सभी परेशान थे। मां ने कई बार समझाया भी था, लेकिन वह नहीं माने। 2025 में कई पत्नियों ने अपने पतियों को मौत के घाट उतरवा दिया। चाहे वो मेरठ का सौरभ हत्याकांड हो या फिर बिजनौर के दीपक कुमार का मर्डर केस। ताजा मामला इंदौर के राजा रघुवंशी की हत्या का है। आरोप नवविवाहिता पत्नी सोनम पर लगा है जो गिरफ्तार कर ली गई है। इंदौर के राजा रघुवंशी और सोनम शादी के बाद हनीमून मनाने मेघालय गए थे। मेघालय पुलिस के अनुसार सोनम ने ही अपने प्रेमी राज कुशवाहा के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी की हत्या करा दी। इस मामले में अब तक चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बीते कुछ महीनों के अंदर पत्नी द्वारा पतियों की कराई गई हत्या की घटनाएं बढीं हैं मेरठ



का सौरभ हत्याकांड 3 मार्च को मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर सौरभ की हत्या कर दी थी। उसके शव के कई टुकड़े कर नीले ड्रम में सीमेंट के साथ डाल दिया था। फिर मुस्कान और साहिल घूमने चले गए। जब दोनों लौटे तब सौरभ की हत्या का खुलासा हुआ। फिलहाल दोनों जेल में बंद हैं ।मेरठ में अमित कुमार हत्याकांड 2025 में चर्चित रहा, जिसमें अमित कुमार की पत्नी रविता और उसके प्रेमी अमरदीप ने मिलकर उनकी हत्या की। रविता और अमरदीप ने अमित की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या को सांप के काटने का हादसा दिखाने के लिए, उन्होंने शव के पास एक सांप रखा। पोस्टमार्टम में खुलासा हुआ कि मौत गला घोंटने से हुई, सांप के काटने से पहले ही अमित की मृत्यु हो चुकी थी देवरिया में नौशाद की हत्या मेरठ के सौरभ हत्याकांड से मिलती-जुलती है। नौशाद की हत्या उसकी पत्नी ने की। नौशाद सऊदी अरब से अप्रैल में घर लौटा था, इसके दस दिन बाद ही पत्नी ने नौशाद की हत्या कर दी थी। नौशाद की पत्नी का अफेयर एक व्यक्ति से था जो कि रिश्ते में नौशाद का भांजा लगता था। नौशाद की हत्या करके उसके शव के एक ट्राली बैग में रखकर गांव से 60 किलोमीटर दूर फेंका गया था। ये सशक्त हो रहे आधुनिक भारत की आधुनिक पत्नियों का मामला नहीं है बल्कि जिंदगी न मिलेगी दुबारा शैली अपना रहे इंडिया की जीवन शैली है जिसमें समाज का डर,रिश्तेदारों का दबाव या कानून तक का भय काम नहीं आ रहा है । समाज के सभी स्तंभों कार्यपालिका, विधायिका, न्यायपालिका सहित मीडिया और समाज के हर व्यक्ति को इन संकेतों को समझना चाहिए जब कोमल और ममता की मूर्ति समझी जाने वाली नारियां यदि हत्या जैसे कदम उठा रहीं हैं तो समाज से या तो सहनशक्ति समाप्त हो रही है या हमारे मूल्यों का इतना ह्रास हो गया है जो हमें इसे ही एकमात्र विकल्प सुझा रहा है । यह ह्रास एक दिन में हुआ ऐसा भी नहीं है हम पुरुषवादी समाज में नारियों का इस्तेमाल करते रहे और अब शिक्षा, फिल्मों और क्राइम सीरियल देखकर महिलाएं भी उन रास्तों को अपनाने को तैयार हैं जिन्हें पुरुष अपनाने थे । इसमें चिंता की बात यह है कि अपने अच्छे खासे स्मार्ट पतियों को मरवाने वाली नवविवाहिताएं उन कुरूप और मामूली लोगों पर फ़िदा थीं जिनसे उनका जीवन भर का साथ निभाना मुश्किल था । सास बहू टाइप धारावाहिकों से लेकर ओटीटी पर उपलब्ध पश्चिमी देशों की कहानियों पर बनीं आधुनिक फ़िल्में कहीं न कहीं समाज में अनैतिक संबंधों और नशे को बढ़ावा दे रहीं है जिनका सामाजिक बहिष्कार दर्शक ही कर सकते हैं और अभिभावक अपने बच्चों को भारतीय संस्कारों की ओर मोड़ सकते हैं । सबसे बड़ी बात है जब रिश्ता पसंद नहीं तो विवाह करना ही नहीं चाहिए हत्या से कई घर उजड़ते हैं और परिवारों के घाव कभी नहीं भरते।

## हर कदम पर आपके साथ है हमारी प्रार्थना

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**रीति झा**

हे मां भारती के शूरवीरों, आपकी वीरता को प्रणाम। आपके अनुपम शौर्य को कोटि-कोटि नमन। आपकी बहादुरी, आपका बलिदान, इस राष्ट्र की आत्मा है। आप बर्फीली चोटियों पर खड़े प्रहरी हैं, आप तपती रेत में जलते दीप हैं, आपकी आंखों में अडिग संकल्प, और हृदय में जलती मातृभूमि की अग्नि है। हमारी हर सांस आपकी वीरता की ऋणी है। आज हम नतमस्तक हैं उस हर मां के सामने, जिसने आप जैसे सपूतों को जन्म दिया। नतमस्तक हैं उस हर बहन के सामने, जिसका भाई तिरंगे में लिपटकर लौटा। नतमस्तक हैं उस हर पत्नी के सामने, जिसका सिंदूर देश की रक्षा में अर्पित हुआ। देश की सीमाओं पर जब आप खड़े होते हैं, तो करोड़ों देशवासी निश्चिंत होकर सोते हैं। जब आप दुश्मन को ललकारते हैं, तो पूरा देश गौरव से भर उठता है। आतंक के अंधेरे में भी जब आप आशा की मशाल लेकर आगे बढ़ते हैं, तो लगता है जैसे स्वयं मां भारती आपके रक्षक रूप में चल रही हों। हमारा संकल्प बस इतना है कि आतंक को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे, आततायियों के फन को कुचल देंगे। हमारी कलम, हमारी वाणी, हमारा संकल्प और हमारी प्रार्थना हर कदम पर आपके साथ है। आपका हर ऑपरेशन, हर कदम, हमारे आत्मसम्मान की लड़ाई है। हमारी सेना, हमारी शान, हमारा मान और हमारा स्वाभिमान है।

**जय हिंद।**

# बाइक हटाने के विवाद में दो युवक बुरी तरह घायल एक आईसीयू में भर्ती, छह पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर क्षेत्र के खलीफा मोहल्ला में रविवार की शाम बाइक हटाने के विवाद में दो युवकों को लोहे की रॉड और फाइटर से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया गया। घायलों में शादाब इदरीसी और शहबाज इदरीसी शामिल हैं। दोनों को गंभीर हालत में मेदिनीनगर रेफर किया गया, जहां शादाब की स्थिति नाजुक बताई गई है। घायल युवक के पिता मिनहाज खलीफा ने छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। हुसैनाबाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## अपहृता का आरोपी रांची से गिरफ्तार



**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस ने थाना कांड संख्या-36/25, दिनांक 11/02/2025, धारा 137(2)/87 बीएनएस के तहत अभियुक्त अजीत यादव (उम्र 19 वर्ष), पिता अगस्त यादव, निवासी देवरीखुर्द, थाना हुसैनाबाद, जिला पलामू को रांची से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर भेज दिया है। साथ ही अपहृता नाबालिग को भी सकुशल बरामद कर लिया गया है। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि आरोपी नाबालिग को लेकर फरार था, जिसे पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर रांची से गिरफ्तार किया।

# हैदरनगर दोहरा हत्याकांडः तीन दोषियों को उम्रकैद, 50-50 हजार रुपये का जुर्माना




**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रतीक चतुर्वेदी की अदालत ने सोमवार को वर्ष 2017 के एक दोहरे हत्याकांड में तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। दोषियों की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के सजवन गांव निवासी रामजन्म मेहता, राजकुमार मेहता और दिनेश मेहता के रूप में की गई है। इन तीनों पर डायन बताकर एक दंपती की बेरहमी से हत्या करने और उनके बच्चों पर जानलेवा हमला करने का आरोप था। घटना के संबंध में पीड़िता बबिता कुमारी ने 22 अप्रैल 2017 को हैदरनगर थाना में कांड संख्या 42/2017 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में उल्लेख किया गया था कि तड़के करीब पांच बजे आरोपियों ने बबिता के घर धावा बोला और डायन-ओझा कहकर उसकी मां मनोरमा देवी व पिता रामसुंदर मेहता की टांगी, बलुआ और डंडे से निर्मम हत्या कर दी। इस हमले में बबिता के भाई धीरेंद्र और धर्मेंद्र मेहता गंभीर रूप से घायल हुए। वहीं, बबिता और उसकी बहन सविता कुमारी पर भी जानलेवा हमला किया गया, लेकिन ग्रिल का ताला न टूटने के कारण वे दोनों बाल-बाल बच गईं। अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों अभियुक्तों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 307, 326, 341, 323, 120 बी/34 के अंतर्गत दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## जंगल में संदिग्ध स्थिति में मिला युवक का शव

**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव स्थित बंधुबांध जंगल में सोमवार को युवक का शव संदिग्ध स्थिति में मिला। मृतक की पहचान बिहार के गया जिला अंतर्गत गुरुआ थाना क्षेत्र के राजन गांव निवासी जीतन यादव (30) के रूप में हुई है, जो टेंपो चालक था। शव की सूचना चारवाहा बसंत यादव ने मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र उजाला को दी, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पास से मोबाइल, गमछा और टेंपो बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# 11000 वोल्ट तार की चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के नदी पार बदलाया गांव निवासी 18 वर्षीय निक्की कुमार, पिता नरेश मांझी की रविवार को करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह मुकेंदर प्रसाद के टेंट हाउस में मजदूरी करता था। गृह प्रवेश कार्यक्रम के समाप्ति के बाद वह टेंट खोल रहा था, तभी पाइप पास से गुजर रहे 11000 वोल्ट बिजली तार से सट गया। गंभीर रूप से घायल निक्की को आनन-फानन में नवजीवन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अप शटल सवारी ट्रेन की लेटलतीफी से यात्री परेशान, देर रात लौटना हो रहा जोखिम भरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** बरवाडीह-डेहरी ऑन सोन रेलखंड की अप शटल सवारी ट्रेन की लगातार लेटलतीफी से यात्रियों की मुश्किलें खत्म नहीं हो रही हैं। आमतौर पर यह ट्रेन 2 से 3 घंटे देरी से चलती है, जिससे यात्रियों को देर रात जोखिम उठाकर घर लौटना पड़ता है। यात्रियों का कहना है कि पहले ही इस ट्रेन की बोगियों की संख्या कम कर दी गई थी, जो अब तक बहाल नहीं हुई है। जबकि यह ट्रेन कोर्ट-कचहरी, अस्पताल और दफ्तर जाने वालों के लिए एकमात्र भरोसेमंद साधन है। यात्रियों ने रेलवे से समय पालन सुनिश्चित करने की मांग की है।

## बाइक को वाहन से धक्का लगने से युवक गंभीर रूप से घायल, मेदिनीनगर रेफर

**हुसैनाबाद।** रविवार की देर शाम जपला-छतरपुर मुख्य मार्ग पर खादी ग्रामोद्योग के पास एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान मुगिंया (बिहार) निवासी 40 वर्षीय मनोज विश्वकर्मा के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। परिजनों के अनुसार उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

# रेल अधिनियम का उल्लंघनः महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा कर रहे 25 यात्री पकड़े गए




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे अधिनियम के तहत सोमवार को कजरात नावाडीह स्टेशन पर चलाए गए अभियान में महिला और दिव्यांग बोगी में अनधिकृत रूप से यात्रा कर रहे 25 यात्रियों को पकड़ा गया। इनमें 15 को धारा 162 और 10 को धारा 155 के तहत गिरफ्तार किया गया। इन सभी को डाल्टनगंज स्थित रेल न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहां जुमार्ना वसूल कर उन्हें छोड़ दिया गया। कैंप कोर्ट नबीनगर आरपीएफ पोस्ट परिसर में लगाया गया था। अभियान का नेतृत्व इंस्पेक्टर राजकिशोर कछवाहा कर रहे थे।

**कैंप कोर्ट में जुर्माना वसूला गया**

## सर्पदंश से भाजपा कार्यकर्ता की मौत

**इटखोरी (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के पितीज गांव निवासी और भाजपा के बूथ संख्या 200 के अध्यक्ष औरंगजेब की मौत सर्पदंश से हो गई। चार दिन पहले उन्हें सांप ने डंसा था, जिसके बाद उन्हें गंभीर अवस्था में रांची के रिम्स में भर्ती कराया गया था। रविवार की शाम इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। सोमवार को शव के गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। भाजपा नेता कैलाश कुमार सिंह की पहल पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। प्रशासन ने परिजनों को आपदा प्रबंधन कोष से चार लाख रुपये की सहायता राशि दिलवाने का आश्वासन दिया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह, कैलाश सिंह, कमलेश सिंह, इंद्रदेव सिंह, पंचायत समिति सदस्य रूबी देवी, अजय दांगी समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मंदिर, धर्मशाला व छठ पोखरा पिंड की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में छठ पोखरा सूर्य मंदिर परिसर में समिति की एक अहम बैठक एवं आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में मुख्य रूप से सूर्य मंदिर परिसर, छठ पोखरा तालाब के पिंड तथा धर्मशाला की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने के मुद्दे पर गहन चर्चा हुई। नगर पंचायत हुसैनाबाद के नागरिकों ने इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सहित उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया। सभा में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे सूर्य मंदिर परिसर, छठ पोखरा तालाब व पिंड एवं धर्मशाला की भूमि के अतिक्रमण को हर हाल में खत्म कराने के लिए तन-मन-धन से काम करेंगे। इस भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु कई वर्षों से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक अधिकारियों द्वारा केवल खानापूर्ति ही की गई है और ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। आम सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि दो माह के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो व्यापक और जोरदार आंदोलन किया जाएगा। इस बैठक में रंजीत कुमार, सतेंद्र गुप्ता, रेखा कुमारी गुप्ता, बेबी देवी, प्रमिला देवी, मुन्ना सिंह, अजय गुप्ता, मनीष कुमार, राजीव रंजन, राजेश्वर विश्वकर्मा, अनिल कश्यप, राजकुमार कश्यप, सुनीता देवी समेत अन्य नागरिक उपस्थित थे। उन्होंने एकजुट होकर कहा कि सूर्य मंदिर परिसर, छठ पोखरा के पिंड और धर्मशाला की भूमि को अतिक्रमणमुक्त करना सभी का साझा लक्ष्य है।

**▸ सूर्य मंदिर, छठ पोखरा व धर्मशाला की भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराने का लिया गया संकल्प**

# हैदरनगर चौक बाजार का ट्रांसफार्मर खराब



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** सोमवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे हैदरनगर चौक बाजार स्थित 200 केवीए ट्रांसफार्मर में खराबी आने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। भीषण गर्मी में 12 घंटे तक बिजली न होने से लोग परेशान रहे। उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार सूचना देने पर भी विभागीय अधिकारी असहायता जता रहे थे। अंततः उपभोक्ताओं ने आपस में चंदा इकट्ठा कर ट्रांसफार्मर का तेल और आवश्यक सामग्री खुद खरीद कर मिस्त्री से मरम्मती कार्य शुरू कराया। देर शाम तक बिजली बहाल होने की संभावना जताई गई।

**12 घंटे बिजली आपूर्ति ठप, उपभोक्ताओं ने खुद जुटाया फंड**

# बर्बादी का नाम है नशा, शराब कर देती है जीवन खराबः प्रशिक्षक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** झारखंड सरकार के गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा 6 जून से 26 जून तक निश्चित योजना के अंतर्गत नशे के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु विभिन्न जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय सतबरवा के विद्यार्थियों को विद्यालय स्तरीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन जिला प्रशिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने एक प्रेरणादायक पंक्ति हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई - नशे से दूर रहना भाई₹ के साथ प्रशिक्षण की शुरूआत की। उन्होंने नशे की शुरूआत करने वाले गेटवे पदार्थ - शराब, तंबाकू, सिगरेट, गुटखा और भांग - से होने वाले नुकसान की विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने बताया कि कैसे धीरे-धीरे ये पदार्थ व्यक्ति को अफीम, चरस, कोकीन, कोक की पत्ती, कोडीनयुक्त कफ सिरप, हासीस तेल, नशे के इंजेक्शन, प्राकृतिक और सिंथेटिक ड्रग्स जैसे गंभीर मादक पदार्थों की ओर धकेलते हैं। उन्होंने कहा कि इन पदार्थों का सेवन न केवल शारीरिक हानि करता है, बल्कि व्यक्ति के व्यवसाय, शिक्षा, पारिवारिक, सामाजिक और मानसिक जीवन को भी प्रभावित करता है। प्रशिक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि बबार्दी का नाम है नशा, शराब कर देती है जीवन खराब। इससे मनुष्य की प्रेरणा समाप्त होती है, स्मृति शक्ति कमजोर होती है, और व्यक्ति अपराध बोध, शर्मिंदगी और सामाजिक विघटन की ओर बढ़ता है। प्रशिक्षण सत्र के अंत में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अविनाश चौधरी, प्रशिक्षक दिलीप प्रसाद, प्रहरी क्लब के सदस्य राम रक्षा प्रसाद, प्रकाश शर्मा, मनोरंजन कुमार, भीम यादव, राहुल जयसवाल, मुकेश तिवारी सहित कई शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में घायल बीएसएफ जवान की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुंदरिया गांव निवासी बीएसएफ के जवान (34) प्रदीप कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में दाह संस्कार किया गया। प्रदीप छुट्टी पर घर आए थे और 31 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। उनके दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि 31 मई की रात प्रदीप कुमार सिंह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था, परंतु परिजन घायल का इलाज पल्स हॉस्पिटल में करवा रहे थे, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन प्रदीप कुमार सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। बीएसएफ जवान की शव मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार सिंह, सुशीला टीयू, पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बीएसएफ जवान प्रदीप कुमार सिंह मेघालय में ड्यूटी करते थे।

# गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण का काम छह माह बाद भी शुरू नहीं, बरसात में फिर मुसीबत में फंसेगा गोलापत्थर गांव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के गोलापत्थर गांव में गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण की स्वीकृति और निविदा जारी हुए छह माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य की शुरूआत नहीं हो सकी है। गांव तीन ओर से नदियों से घिरा हुआ है, जिससे बरसात में संपर्क पूरी तरह कट जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पुल निर्माण के लिए 1.74 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत हुई थी और 15 माह में कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा तय थी। यह योजना पूर्व विधायक कमलेश कुमार और सांसद वीडी राम की पहल पर स्वीकृत हुई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से लोग निराश हैं। ग्रामवासियों ने वर्तमान विधायक संजय कुमार सिंह यादव से आग्रह किया है कि कार्य जल्द शुरू हो। यह क्षेत्र न केवल आवागमन के लिए, बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यहाँ प्राचीन गोलापत्थर स्थित है, जिसकी पूजा वर्षों से महादेव के रूप में होती आ रही है। इस पुल के बन जाने से भीमचूल्हा आने वाले पर्यटकों के लिए भी यह एक नया आकर्षण होगा।

# किसान हितैषी रामपति मेहता का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड के कटैया गांव निवासी किसान नेता रामपति मेहता का सोमवार की सुबह हृदयाघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव समीप बटाने नदी घाट पर संपन्न हुआ, जिसमें परिवार के सदस्य, सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। रामपति मेहता ने हड़ियाही डैम के निर्माण और सुचारू संचालन को लेकर लंबे समय तक आंदोलन किया था, जिसके कारण वे क्षेत्र के किसानों के बीच एक मजबूत और प्रभावशाली किसान नेता के रूप में जाने जाते थे। इसके अतिरिक्त, वे सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय योगदान देते रहे। अंतिम संस्कार में उनके बड़े पुत्र राजकिशोर मेहता, बसपा प्रदेश के पूर्व सचिव प्रमोद कुमार रवि, मुखिया सरोज कुशवाहा, समाजसेवी मनीष कुमार सिंह, अन्य स्थानीय गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। सभी ने रामपति मेहता को एक संघर्षशील, समर्पित और सामाजिक व्यक्तित्व के रूप में याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई गई

# विद्यार्थियों को उनके जीवन व आदर्शों से प्रेरणा लेने की सलाह : प्रधानाध्यापक




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मध्य विद्यालय में आदिवासी समाज के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि बड़े श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि आदिवासी समाज सदैव अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़े रहते हैं और भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके जीवन और आदर्शों से प्रेरणा लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान आदिवासी जनजाति की संस्कृति, परंपराओं, वेश-भूषा, और भगवान बिरसा मुंडा के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रस्तुत की गईं। साथ ही, आदिवासी संस्कृति से संबंधित वस्तुओं और चित्रकलाओं का भी प्रदर्शन किया गया। शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, रश्मि प्रकाश, राजेश सिन्हा के साथ बाल संसद के प्रधानमंत्री अमित कुमार, नंदिनी कुमारी, जागृति कुमारी सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे।

# प्रखंड के अबुआ आवास योजना में बड़े पैमाने पर हुआ खेला पलामू उपायुक्त जांच टीम गठित कर कराएं जांच : अनुज राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड की पंचायतों में अबुआ आवास योजना के लाभुक चयन में बड़े पैमाने पर अनियमितता और धांधली की बातें सामने आई हैं। आरोप है कि कई अयोग्य लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया है, जबकि वास्तव में जरूरतमंद गरीब लोग इससे वंचित रह गए। इस मामले को लेकर नावाबाजार प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम ने पलामू उपायुक्त से जांच की मांग की है। अनुज राम ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पंचायत स्तर पर अमीर लोगों को इस योजना के लाभ दिलाने में पंचायत मुखिया, सचिव, स्वयंसेवक और प्रखंड विकास पदाधिकारी की मिलीभगत है। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पंचायतों से चयनित लाभुकों की सूची मांगी गई, लेकिन दो महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कोई सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। अनुज राम ने कहा कि गरीबों के लिए शुरू की गई यह महत्वाकांक्षी योजना कई जगहों पर कमजोर अधिकारियों की मिलीभगत की वजह से भ्रष्टाचार का शिकार हो गई है। गरीब लोग आशियाने की उम्मीद लिए बैठे हैं, लेकिन अमीरों ने इन योजनाओं का लाभ हथिया लिया है। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

# ... नहीं चलेगी टालने वाली प्रवृत्ति, योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं अधिकारी : उपायुक्त



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट लहजे में कहा कि "काम हो जाएगा", "प्रभार अभी लिया है", "प्रयास कर रहे हैं" जैसी टालने वाली प्रवृत्ति अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में ठोस सुधार लाते हुए योजनाओं की प्रगति धरातल पर दिखाने की हिदायत दी गई।

बैठक में ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, श्रम नियोजन, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, खाद्य आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, कल्याण विभाग सहित सभी प्रमुख विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचे और किसी को भी योजनाओं से वंचित न किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, भीमराव अंबेडकर आवास योजना तथा मनरेगा से संबंधित लंबित कार्यों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले मनरेगा के सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवेदनों की अस्वीकृति की स्थिति में लाभुकों को कारण की स्पष्ट जानकारी दी जाए।

उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को हर सप्ताह समीक्षा बैठक आयोजित करने और प्रगति में पीछे चल रहे प्रखंडों की स्थिति सुधारने को कहा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को टीएचआर (टेक होम राशन) नियमित रूप से देने और बिना विभागीय आदेश टीएचआर नहीं रोकने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों को शीघ्र पूरा कर एक सप्ताह में हैंडओवर करने को कहा गया। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत सखी मंडलों को रोजगार से जोड़ने, एफपीओ गठन के जरिए महिलाओं को सशक्त करने, खाद वितरण, केसीसी आवेदन निष्पादन, किसान पाठशाला, कृषि ऋण माफी योजना और सोलर कोल्ड रूम निर्माण जैसे विषयों पर भी निर्देश जारी किए गए।

उपायुक्त ने पेयजल व्यवस्था को लेकर चापाकल और जलमीनार की शीघ्र मरम्मति कराने, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण कार्य में तेजी लाने और किसी भी परिस्थिति में पेयजल संकट नहीं होने देने की बात कही। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को सभी योजनाओं का प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से करने और लोगों को योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार समेत सभी विभागों के अधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, बीडीओ आदि उपस्थित रहे।

# पलामू में दस थाना प्रभारियों का तबादला, टीओपी प्रभारी भी बदले गए

- **एसपी ने जिले के विभिन्न थानों में किया फेरबदल, 24 घंटे में योगदान का निर्देश**



नया शहर थाना प्रभारी

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस अधीक्षक ने सोमवार को जिले के 10 थानों में थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया है। इसके तहत शहर थाना, लेस्लीगंज, पड़वा, तरहसी, मोहम्मदगंज, पाटन, पांडू, नवाजयपुर, बिश्रामपुर तथा एससी-एसटी थाना के प्रभारियों को बदला गया है। साथ ही सात पुलिस निरीक्षकों और 20 पुलिस अवर निरीक्षकों का भी तबादला किया गया है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार को चैनपुर सदर अंचल में भेजा गया है, उनकी जगह इंस्पेक्टर ज्योति लाल राजवार को नया शहर थाना प्रभारी बनाया गया है। लेस्लीगंज थाना का प्रभार अब उत्तम कुमार राय, तरहसी थाना का प्रभार आनंद राम, पड़वा थाना का प्रभार अंचित कुमार, मोहम्मदगंज थाना का प्रभार नारायण सोरेन (जो पूर्व में एससी-एसटी थाना प्रभारी थे), पांडू थाना का प्रभार बगेश कुमार राय, पाटन थाना का प्रभार शशि शेखर पांडे, नवाजयपुर थाना का प्रभार सतीश कुमार गुप्ता, एससी-एसटी थाना का प्रभार विवेक कुमार, तथा बिश्रामपुर थाना का प्रभार ऋषिकेश कुमार दुबे को सौंपा गया है।

इसके अलावा अवर निरीक्षक रितेश लकड़ा को आहतू थाना प्रभारी बनाया गया है।

टीओपी प्रभारी में भी फेरबदल किया गया है। इंद्रदेव पासवान, जो पूर्व में लेस्लीगंज में पदस्थापित थे, उन्हें टीओपी-1 का प्रभारी बनाया गया है। राकेश कुमार को टीओपी-2, और अजय कुमार गुप्ता को टीओपी-3 प्रभारी नियुक्त किया गया है।

एसपी ने सभी नवपदस्थापित पुलिस अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर संबंधित थाना में योगदान देने का निर्देश दिया है।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड मुक्ति मोर्चा नेताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के महान स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी चेतना के प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्टेशन रोड स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की देन है कि आज झारखंड एक सशक्त और जागरूक राज्य के रूप में स्थापित है। उन्होंने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया और अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों की अस्मिता की रक्षा के लिए सतत संघर्ष किया। राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल प्रेसीडेंसी (वर्तमान झारखंड) में आदिवासी धार्मिक सहस्राब्दी आंदोलन का नेतृत्व किया और स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया। वे धरती आबा के नाम से भी पूज्य हैं और आज भी उनके विचार और संघर्ष झारखंडवासियों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, सन्नु सिद्दीकी, संजीव तिवारी, जिला सचिव रंजन चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष विशाल सिन्हा, संगठन सचिव अनुराग सिंह, रमेश सिंह, विवेकानंद सिंह, राकेश सिन्हा, देवानंद भारद्वाज, कौशल, फैजल, मनोज गुप्ता, गोपाल सिन्हा, रविन्द्र राम, विकास चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर आंदोलनकारियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले महानायक भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा स्टेशन रोड स्थित बिरसा चौक पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा की शुरुआत माल्यार्पण व पुष्पांजलि से हुई, तत्पश्चात दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया। केन्द्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा जैसे महायोद्धा के आदर्शों पर चलकर ही शोषणविहीन झारखंड का निर्माण संभव है। इस अवसर पर संतोष कुमार, दाऊद केरकेट्टा, शंखनाथ सिंह, प्रदीप सिन्हा, महताव उल्ला, अमरेश वर्मा, बसंत हेम्ब्रम, संतोष दास, आयुष कश्यप सहित कई आंदोलनकारी शामिल हुए।

# स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

- **आयुष्मान कार्ड निर्माण में तेजी लाएं, पीवीटीजी समूह का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करें : समीरा एस**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समग्र समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों, चिकित्सा सुविधाओं, अधोसंरचना, मानव संसाधन, एंबुलेंस सेवा, ममता वाहन, ओपीडी रिपोर्ट सहित स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों से उनके क्षेत्र में संचालित एम्बुलेंस की स्थिति की विस्तृत जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि हर एम्बुलेंस की क्रियाशीलता, चालक की उपलब्धता, और आवश्यकता के अनुसार नई एम्बुलेंस की मांग का समुचित प्रतिवेदन तैयार किया जाए, ताकि आपात स्थिति में कोई परेशानी न हो। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जिले में कार्ड निर्माण की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की।

बैठक में जानकारी दी गई कि आधार से मोबाइल नंबर लिंक न होने और आधार व राशन कार्ड में नाम की असंगतता के कारण यह कार्य बाधित हो रहा है। इस पर उपायुक्त ने सभी प्रखंडों में विशेष शिविर आयोजित कर इन समस्याओं के समाधान हेतु ठोस पहल करने को कहा। विशेष रूप से पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ी जनजाति) समुदाय के आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिले में कुल 14,153 पीवीटीजी लाभुकों में से अब तक केवल 6,709 का ही आयुष्मान कार्ड बन पाया है। शेष 7,444 लाभुकों का कार्ड शीघ्र बनाने का निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में ब्लड बैंक को लेकर शिकायतें सामने आईं कि कुछ दलाल किस्म के लोग परिसर में सक्रिय हैं। उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भविष्य में ब्लड बैंक से संबंधित कोई शिकायत न आए।

# हत्या के दो व आरोपी गिरफ्तार, एक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

- **छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बाघामाड़ा में महिला की गोली मारकर की गई थी हत्या**

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर थाना क्षेत्र के बाघामाड़ा टोला बोहला में 16 मई की रात लगभग 11 बजे घर के बाहर सो रही विमला देवी (उम्र 55 वर्ष, पति - हरि भुईंया) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतका के पति द्वारा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, छत्तरपुर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या में संलिप्त दो आरोपियों – गौतम कुमार (उम्र 23) एवं विनोद भुईंया (उम्र 35) को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में गौतम ने बताया कि वह विमला देवी को टोना-टोटका करने वाली मानता था और उसके परिवार के लोगों की तबीयत खराब होने का जिम्मेदार उसे समझता था। इसके साथ ही मृतका से उसका भूमि विवाद भी था। इन कारणों से उसने हत्या की योजना बनाई। गौतम ने इस योजना में अपने दूर के भाई विनोद भुईंया को शामिल किया, जिसने सकेंद्र उरांव (ग्राम – बरडीहा) से संपर्क कराया। सकेंद्र ने हत्या के लिए 80 हजार की मांग की, जिसमें 50हजार अग्रिम भुगतान किया गया। सकेंद्र ने अपने दो साथियों – याद अली उर्फ सोनू अली तथा एक अन्य को योजना में शामिल किया। घटना से कुछ दिन पहले सभी ने मिलकर मृतका के घर की रेकी की और योजना को अंजाम दिया। हत्या की रात तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से घटनास्थल पर पहुंचे और विमला देवी को गोली मार दी। सकेंद्र और याद अली को पूर्व में एक अन्य मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।




# जिला मुख्यालय में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय स्थित हेलीपैड पार्क में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि श्रद्धा और आदर के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गढ़वा जिले के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी



संजय प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने जनजातीय समाज को एकजुट कर जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष किया। उनके आदर्शों और बलिदानों के कारण ही झारखंड राज्य का गठन संभव हो सका। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं आमजन से आह्वान किया कि वे भगवान बिरसा मुंडा के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस मौके पर उपायुक्त ने हेलीपैड पार्क परिसर और वहां बने गेस्ट रूम का निरीक्षण भी किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**केतार।** भगवान बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर सोमवार को केतार बाजार स्थित बिंदु राम के आवास पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कार्यक्रम की शुरूआत जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम ने दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर की। वक्ताओं ने कहा कि बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन के अन्याय और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने आदिवासियों को संगठित कर जल, जंगल, जमीन की रक्षा की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर बिंदु राम, राम विचार साहू, इम्तियाज अंसारी, सूर्यनाथ सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मनोरंजन गुप्ता, संजय वर्मा, महेन्द्र पाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**केतार।** थाना क्षेत्र के ताली गांव निवासी प्राथमिकी अभियुक्त रविंद्र विश्वकर्मा (39) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने जानकारी दी कि अभियुक्त के विरुद्ध कई धाराओं में मामला दर्ज था, जिसे लेकर उसे गिरफ्तार किया गया।

## श्री बंशीधर नगर में जाम की समस्या बरकरार, एसडीओ के निदेर्शों की अनदेखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** शहर में जाम की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह पहले एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने नगर पंचायत और पुलिस को निर्देश दिए थे कि मुख्य बाजार में बसों की पार्किंग न हो तथा हेन्हो मोड़ से बसों को घुमाया जाए। बजरंगबली चौक की स्थिति सुधारने के भी निर्देश दिए गए थे। हालांकि नगर पंचायत और पुलिस ने कुछ प्रयास किए, लेकिन अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। मुख्य मार्ग पर बसों की आवाजाही से लगातार जाम लग रहा है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने कहा कि वे स्वयं बाजार पहुंचकर कार्रवाई करते हैं, लेकिन समस्या बनी हुई है। थाना प्रभारी आदित्य नायक ने कहा कि अगर बस चालक निदेर्शों का पालन नहीं करेंगे तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हसनदाग में पुलिया क्षतिग्रस्त डीसी को सौंपा गया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के हसनदाग पंचायत के मुखिया फुलवंती देवी और ग्रामीणों ने सोमवार को गढ़वा उपायुक्त को आवेदन सौंप कर गांव के पश्चिम टोला चबूतरा के समीप नहर पर बने पुलिया की मरम्मत की मांग की। मुखिया ने आवेदन में बताया कि कुछ दिन पूर्व एक ओवरलोड हाईवा ट्रक पुलिया पर चढ़ा दिया गया, जिससे वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे ग्रामीणों को नहर पार कर दैनिक आवागमन में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने दोषी वाहन मालिक पर कार्रवाई और जल्द से जल्द पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

## मेराल में बीएलई कर्मियों ने पंचायत सचिवालय से काम कराने की मांग को लेकर डीसी को सौंपा

**मेराल।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के बीएलई कर्मियों ने सोमवार को गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव को आवेदन सौंपकर मांग की कि पंचायत संबंधित कार्यों का निष्पादन पंचायत सचिवालय से ही कराया जाए। बीएलई कर्मियों का आरोप है कि सरकार के निर्देश के बावजूद अधिकांश कार्य पंचायत सचिवालय के बजाय सीधे ब्लॉक स्तर से किए जा रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और सुगमता प्रभावित हो रही है। आवेदन देने वालों में शशिकांत विश्वकर्मा, पप्पू कुमार यादव, रशीद अंसारी, सुनील कुमार चौधरी, ओम प्रकाश चौधरी, सत्येंद्र कुमार, पंकज कुमार पांडे, राकेश यादव, मसरूफ खान, अमन राम सहित कई कर्मी शामिल रहे।

## न्यूज बॉक्स

### सगमा में मनरेगा में जेसीबी से कार्य, प्रमुख ने जताई नाराजगी



**सगमा।** प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में निर्धारित नियमों की अनदेखी कर मशीनों से कार्य कराए जा रहे हैं। इस पर प्रखंड प्रमुख अजय कुमार साह ने कड़ी आपत्ति जताते हुए बीडीओ जुल्फिकार अंसारी को लिखित आवेदन सौंपा है। प्रमुख ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई योजनाओं में मजदूरों की जगह जेसीबी मशीनों का प्रयोग हो रहा है, जिससे स्थानीय मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है और वे पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई योजनाओं में फर्जी जॉब कार्ड और मास्टर रोल बनाकर मजदूरी की राशि निकाल ली जाती है, जबकि कार्य मशीनों से होता है। प्रखंड प्रमुख ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### जिप सदस्य पर रास्ता और चापाकल कब्जा करने का आरोप, सदस्य ने बताया आरोप बेबुनियाद

**मेराल।** ओखरगाड़ा निवासी सत्य प्रकाश ने गढ़वा एसडीओ संजय पांडे को आवेदन देकर उत्तरी जिप सदस्य संजय कुमार सिंह पर सार्वजनिक सड़क और सरकारी चापाकल पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। आवेदन में बताया गया है कि जिप सदस्य ने सड़क के दोनों ओर बाउंड्री बनाकर रास्ता रोक दिया है जिससे आवागमन में दिक्कत हो रही है। साथ ही उन्होंने वर्षों पुराने चापाकल को अपने निजी उपयोग में ले लिया है। जवाब में जिप सदस्य संजय कुमार सिंह ने कहा कि सत्य प्रकाश का मकान अतिक्रमण में है और वह तोड़े जाने की आशंका में बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने परिसर में निजी खर्च पर तीन डीप बोर कराए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से पहले जमीन की मापी कराकर निर्माण कराया गया है और वे झूठे आरोप से बदनाम करने का प्रयास बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### खरौंधी के कई शिक्षकों ने नहीं किया प्रशिक्षण रजिस्ट्रेशन, विभाग सख्त

**खरौंधी।** शिक्षा विभाग द्वारा 1 मई से 30 मई तक जे गुरुजी ऐप के माध्यम से 50 घंटे के प्रशिक्षण का निर्देश दिया गया था, लेकिन खरौंधी प्रखंड के कई शिक्षकों ने अब तक न तो रजिस्ट्रेशन किया और न ही प्रशिक्षण शुरू किया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि लगातार अनुस्मारक और निर्देश के बावजूद इन शिक्षकों ने आदेश की अनदेखी की है। ऐसे शिक्षकों को 11 जून तक अंतिम अवसर दिया गया है, अन्यथा विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के नाम हैंः लक्ष्मी देवी, सच्चिदानंद पाठक, अजय कुमार सिंह, नवलेश कुमार सिंह, रामेश्वर प्रसाद चौधरी, जयगोपाल उराँव, अमरनाथ चौबे, सुरेश दुबे। विभाग इसे छात्रों के हित के साथ समझौता मान रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर सिमरिया और गिद्धौर में हुई बैठके

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमरिया (चतरा)।** सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने की। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बीएलओ और पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिन मतदान केंद्रों में 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां रेशनलाइजेशन, पोलिंग स्टेशन का मर्ज और जर्जर भवनों के स्थानांतरण पर चर्चा की गई। सभी राजनीतिक दलों को बूथ लेवल एजेंट नियुक्त कर नाम व मोबाइल नंबर देने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें मतदाता पुनरीक्षण कार्य के तहत प्री-रिविजन एक्टिविटी पर चर्चा हुई। बीडीओ ने 1200 से अधिक मतदाताओं वाले केंद्रों को समीपवर्ती मतदान केंद्रों में मर्ज करने पर विचार रखा। बैठक में जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा, राजद अध्यक्ष कमलेश रज्जक, बीपीआरओ दिगंबर पांडेय समेत कई लोग उपस्थित थे।

## भवनाथपुर में 18 वर्षीय युवती रहस्यमय ढंग से लापता, चार लोगों पर अपहरण का संदेह

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोनमंडरा गांव से बीते 7 जून को एक 18 वर्षीय युवती के लापता हो जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने भवनाथपुर थाना में चार लोगों के खिलाफ आवेदन देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। युवती के पिता ने बताया कि उनका एक घर मोहम्मदगंज में और दूसरा भवनाथपुर के कोनमंडरा में है। किसी काम से उन्होंने अपनी बेटी



रानी कुमारी को कोनमंडरा भेजा था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंची। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने आशंका जताई है कि कोनमंडरा निवासी विनोद प्रजापति, प्रदीप प्रजापति (पिता - हरिहर प्रजापति), राजेश प्रजापति (पिता - स्व. राजेन्द्र प्रजापति) एवं औरैया निवासी रामजन्म प्रजापति (पिता - मुसन प्रजापति) ने उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर गायब किया है। पुलिस ने आवेदन लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

## जिप सदस्य ने केतार खाद्य गोदाम का किया निरीक्षण बिना माप-तौल के राशन वितरण पर जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने सोमवार को केतार स्थित झारखंड राज्य खाद्य निगम के गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि जनवितरण प्रणाली के तहत डीलरों को बिना माप-तौल के ही चावल व गेहूं उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार से सवाल किया। प्रबंधक ने बताया कि गोदाम में माप-तौल मशीन की व्यवस्था नहीं होने के कारण डीलरों को औसत के आधार पर गेहूं 52 किलो प्रति बोरी तथा चावल 51 किलो प्रति बोरी के हिसाब से आपूर्ति की जाती है। जिप सदस्य ने कहा कि यह व्यवस्था पूरी तरह अनुचित है और इसका सीधा असर डीलरों और अंत्योदय व प्राथमिक परिवारों पर पड़ता है।



उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को 5 जून को जिला परिषद की बैठक में भी उठाया गया था, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। उन्होंने कहा कि बिना माप-तौल के राशन मिलने के कारण वितरण के समय लाभुकों को पूरा अनाज नहीं मिल पाता, जिससे डीलरों को अनावश्यक कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। जिप सदस्य ने कहा कि वे इस मामले को लेकर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी से फिर से मिलकर शिकायत करेंगे।

## भवनाथपुर में बोलेरो की टक्कर से महिला गंभीर, पेड़ से गिरकर बालक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार शाम को दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी भवनाथपुर में प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया गया। पहली घटना भवनाथपुर बस्ती की है, जहां चंद्रावती देवी पति सूरज प्रजापति बोलेरो वाहन की चपेट में आ गईं। सूरज ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चों को बाजार में छोड़ा था, जो लौटते वक्त ढेकुलिया में नए मकान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो ने सामने से टक्कर मार दी और वाहन फरार हो गया।



चंद्रावती देवी को सिर में गंभीर चोट लगी है। दूसरी घटना कैलान मंगरदह टोला की है, जहां 12 वर्षीय बालक रंजन भुइंया (पिता - सकेंद्र भुइंया) जामुन तोड़ते वक्त पेड़ से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

## गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए लगा मातृत्व स्वास्थ्य शिविर, 35 महिलाओं की हुई जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन हुआ। डॉक्टर अमृता अनुप्रिया की देखरेख में 35 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच में एनीमिया, बीपी, एचआईवी जैसे परीक्षण शामिल थे। इस कार्य में अनीशा चेन्नई व संगीता कुमारी ने सहयोग किया। प्रभारी सुमित जायसवाल के निर्देश पर यह शिविर प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित किया जाता है। मौके पर स्वास्थ्यकर्मी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## धरती आबा की शहादत को सलाम, चिनिया में जोरदार रैली और जनसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** धरती आबा बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत दिवस पर चिनिया प्रखंड के हेताड़कला पंचायत भवन से लेकर चिरका आईटीआई मैदान तक अखिल भारतीय आदिवासी महासभा एवं सामुदायिक वन प्रबंधन समिति संघ के बैनर तले विशाल रैली निकाली गई, जो बाद में जनसभा में तब्दील हो गई। रैली के दौरान 'बिरसा मुंडा अमर रहें', 'जल-जंगल-जमीन हमारा है', 'एलिफेंट कॉरिडोर रद्द करो', 'वनाधिकार कानून लागू करो' जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। आदिवासी समाज के लोगों ने हाथों में तख्तियां और झंडे लिए, अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ प्रदर्शन किया। जनसभा को संबोधित करते हुए महासभा के केंद्रीय सचिव फिलिप कुजूर ने कहा कि आज जल-जंगल-जमीन की लूट के खिलाफ बिरसा मुंडा के संघर्ष को फिर से जीवित करने की आवश्यकता है। सुनील मिंज ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के उल्लंघन पर चिंता जताई। कविता सिंह खरवार ने सरकार पर रंका अनुमंडल को अनुसूचित प्रखंड का दर्जा नहीं देने का आरोप लगाते हुए पांच प्रखंडों को मिलाकर आदिवासी आरक्षित विधानसभा क्षेत्र की मांग की।

## रंका में प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण

# परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** संकुल साधन सेवी देवेंद्रनाथ उपाध्याय ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय भलुआनी और नव प्राथमिक विद्यालय गोटा टोला भलुआनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों को पाठ योजना बनाकर शिक्षण कार्य करने, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने, परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने और आवश्यक अभिलेखों के सही संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि जो छात्र नियमित विद्यालय नहीं आ पा रहे हैं, उनके घर जाकर संपर्क किया जाए। साथ ही, यू-डाइस में बच्चों की प्रगति, आधार कार्ड, खाता संख्या, बाल पंजी संधारण एवं प्रयास कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस मौके पर सभी शिक्षक उपस्थित थे और विद्यालय प्रबंधन समिति को भी सक्रिय भूमिका निभाने का सुझाव दिया गया।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को उन्नत तकनीक की दी गई जानकारी

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** सोमवार को प्रखंड के नोनगांव पंचायत अंतर्गत तेतरिया गांव में खरीफ विकसित कृषि संकल्प अभियान २०२५-२६ को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय कृषि वैज्ञानिक धर्मा उरांव ने की और संचालन सुधीर कुमार ने किया। श्री उरांव ने किसानों को उन्नत बीज चयन, मृदा प्रबंधन, फसल चक्र आदि के बारे में जानकारी दी और बताया कि २९ मई से १२ जून तक डेढ़ सौ करोड़ किसानों से संवाद स्थापित कर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।


**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 04/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 12.06.2025 (पूर्वाहन 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 12.06.2025 (पूर्वाहन 10:00 बजे) से दिनांक 19.06.2025 (अपराहन 03:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 20.06.2025 (अपराहन 04:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | नौडीहा बाजार | करकट्टा | ग्राम हरनी में हरनी स्कूल से पाल्हे पतरा करमा गाँव तक सड़क निर्माण। | 9535800.00 | 190716.00 | 10000.00 | 06 माह | NIT-04/ 2025-26/ Gr-03 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 354552 (District)25-26*D

**Office of Deputy Commissioner, Latehar Government of Jharkhand**

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP**
**Fact Sheet**

| Sl. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation & Maintenance of different Capacities Off-Grid Solar Power Plants all across Latehar". |
| b. | Availability of RFP document at | Digital Copy from https://gem.gov.in/ |
| ` | Date of Issue of RFP | 10/06 /2025 |
| d. | Last Date for submission of Proposal | 20/06 /2025 at 05:00 PM |
| e. | Date of opening of Technical Proposal | 21/06 /2025 at 11.00 AM |
| f. | Date of opening of Financial Proposal | After Finalizing Technical Proposal |
| g. | Time allowed for completion | 45 days from the date of the work order. |
| h. | Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | **INR 5,00,000/- (Rupees Five Lakh only)** in the form of a Bank Guarantee drawn in Favor of "Deputy Commissioner, Latehar" drawn in any Nationalized Bank only payable at Latehar. |
| i. | Tender Fee | **10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) Non -refundable** |
| j. | Address at which the tenders are to be submitted: | Office of District Planning Office, Latehar. C/o Deputy Commissioner, Latehar, Jharkhand |
| k. | Mode of submission of Hard Copy | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| L. | Method of Selection | Cost-Based Selection (CBS) Method; Stage 1: The eligibility criteria documents as per Annexure- A, Bid Fee & EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid evaluation. **Stage 2:** Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the **lowest financial bid** will be awarded the project. **The Rate quoted by the agencies should be valid for 2 years.** |

**Note:**
The DC Office reserves the right to change any schedule. Please visit the website mentioned in the RFP document regularly. Proposals must be received no later than the time, and date mentioned in the Fact Sheet. Proposals that are received after the deadline will not be considered. The DC Office, Latehar reserves the right to cancel or change the tender without any prior notice/information.

**District Planning Officer**
Latehar

PR 354519 (Planning and Development) 25-26 (D)

# बाराती बस व ट्रक में टक्कर, आठ यात्री घायल, छह गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार (मनिका)।** सोमवार की सुबह करीब चार बजे मनिका थाना क्षेत्र के सिंजो शिव मंदिर के पास बारातियों से भरी बस और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में रविंद्र उरांव, मानती देवी, अनिकेत उरांव, मनीता देवी, सुचिता कुमारी, परमेश्वर उरांव और सरस्वती कुमारी समेत आठ लोग घायल हो गए।

घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से मनिका उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लातेहार सदर अस्पताल रेफर किया गया। वहां से छह गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया।

बताया गया कि बस मेदिनीनगर से लातेहार की ओर जा रही थी जबकि ट्रक रांची से मेदिनीनगर की ओर आ रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार मौके पर पहुंचे और यातायात बहाल करवाया। दोनों वाहन जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पोषण वाटिका योजना से छात्र-छात्राओं को लाभ मिलने की उम्मीद

**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में पोषण वाटिका योजना के तहत सब्जी और औषधीय पौधों की खेती शुरू की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को पोषक तत्वों से भरपूर ताजा सब्जियां उपलब्ध कराना है, साथ ही उन्हें जैविक खेती के प्रति जागरूक बनाना भी है।

इस पहल के तहत विद्यालय परिसर में उपलब्ध भूमि पर टमाटर, भिंडी, करेला, लौकी, पालक, मैथी, सहजन, नीम, तुलसी, एलोवेरा सहित कई पौधों की खेती की जा रही है। छात्रों और शिक्षकों के सहयोग से यह कार्य किया जा रहा है। विद्यालयों में साग-सब्जियों का उपयोग मध्याह्न भोजन में किया जा रहा है, जिससे बच्चों को पोषणयुक्त भोजन मिल रहा है। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के निर्माण में भी यह योजना कारगर साबित हो रही है।

विद्यालय प्रधानाध्यापक और शिक्षकों का कहना है कि छात्र इस गतिविधि में रुचि ले रहे हैं। यह योजना न केवल शारीरिक पोषण बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी दे रही है।

## कोयला खदान के पास युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद, हत्या की आशंका से गांव में सनसनी

- **हत्या के विरोध में परिजन और ग्रामीणों ने शव उठाने से किया इनकार, पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बालूमाथ (लातेहार)।** बालूमाथ अनुमंडल क्षेत्र के चमातू गांव स्थित भूलनी टोला में सोमवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जब 17 वर्षीय किशोर विजयपथ आनंद का शव कोयला खदान के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। शव के हालात को देखकर हत्या की आशंका जताई जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान विजयपथ, पिता बसंत आनंद, ग्राम चमातू निवासी के रूप में हुई है।

**तीन दिन से था लापता, गांव-रिश्तेदारी में की गई थी तलाश :** परिजनों के अनुसार विजयपथ छह जून की शाम से पैशन प्रो मोटरसाइकिल के साथ घर से लापता था। पहले तो परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के गांवों में उसकी खोजबीन की, परंतु जब कोई जानकारी नहीं मिली तो सात जून को बालूमाथ थाना में युवक के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खोजबीन शुरू की और आठ जून को कुंडी ग्राम स्थित सीसीएल कार्यालय के समीप युवक की मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

**कोयला खदान के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका :** नौ जून की सुबह चमातू गांव के ही भूलनी टोला स्थित कोयला खदान के ऊपर युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। शव की स्थिति बेहद दर्दनाक थी और यह प्रतीत होता था कि युवक की बेरहमी से हत्या की गई है। घटनास्थल से पुलिस ने एक चटाई और बोड़ा भी बरामद किया है, जिससे संदेह है कि शव को छुपाने की कोशिश की गई हो। शव खदान में फेंकने की कोशिश की गई थी, लेकिन वह ऊपर ही जमीन पर पाया गया। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि युवक की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और बाद में शव को खदान में फेंकने की योजना बनाई गई थी।

**पुलिस मौके पर पहुंची, पर ग्रामीणों ने शव उठाने से रोका :** घटना की सूचना पर बालूमाथ डीएसपी बिनोद रवानी, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार और अमरवाडीह पीकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाह रहे थे, लेकिन आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने हत्या की स्पष्ट जांच और उद्भेदन की मांग करते हुए शव को उठाने से रोक दिया। खबर लिखे जाने तक ग्रामीण और परिजन मौके पर डटे हुए थे।

**गांव में मातम का माहौल, एक युवक हिरासत में :** इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। परिजन रो-रो कर बेहाल हैं और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। डीएसपी बिनोद रवानी ने कहा है कि पुलिस जल्द ही हत्यारों को चिन्हित कर गिरफ्तार करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। बहरहाल, 17 वर्षीय किशोर की इस रहस्यमयी हत्या ने न केवल एक परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया है, बल्कि क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि पुलिस जांच किस दिशा में जाती है और जल्द ही न्याय मिल पाता है या नहीं।

## चिरू गांव के पास बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के चिरू गांव के पास सोमवार की सुबह हुई बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान पलामू जिले के पाकी थाना क्षेत्र अंतर्गत धूब गांव निवासी आकाश शर्मा की पत्नी संतोषी शर्मा के रूप में हुई है। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने उनका इलाज किया। मिली जानकारी के अनुसार, संतोषी शर्मा अपने पति आकाश शर्मा के साथ सुबह लगभग 7 बजे बाइक से रांची जा रही थीं। इसी दौरान सड़क पर गड्ढे होने के कारण बाइक दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में संतोषी शर्मा के चेहरे, सिर, पैरों और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।

## बीएस कॉलेज में स्नातक नामांकन प्रक्रिया जारी

**लातेहार।** शहर के बानपुर स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में स्नातक सत्र 2025-29 एवं सत्र 2023-27 के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य प्रो. पी. के. तिवारी ने बताया कि नए सत्र के छात्र 15 जुलाई तक चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद कॉलेज में सुबह 8:00 बजे से 12:30 बजे तक वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। सेमेस्टर-3 के छात्र-छात्राओं से उन्होंने 15 जून तक कार्यदिवस में नामांकन पूरा कराने की अपील की है।

## बघौता टोला में कुआं सूखने से ग्रामीणों को भारी परेशानी



**बारियातू (लातेहार)।** शिबला पंचायत के मकरा गांव के बघौता टोला में गर्मी के दस्तक देते ही एकमात्र कुआं सूख गया है, जिससे 12 परिवारों को पेयजल और दैनिक कार्यों में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीण पूरण राम, भुनेश्वर राम, लीलू देवी, आरती देवी आदि ने बताया कि हर साल कुआं सूख जाता है। इस बार स्थिति और भी गंभीर है। ग्रामीणों ने खुद मिलकर कुआं की गहराई की, जिससे कुछ समय के लिए पानी आता है, लेकिन वह भी जल्द सूख जाता है। पेयजल के लिए ग्रामीणों को पास के टोले से पानी लाना पड़ रहा है। शादी-ब्याह जैसे अवसरों पर टैंकर मंगाना पड़ता है। मुखिया को कई बार मौखिक जानकारी दी गई लेकिन अभी तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ है।ग्रामीणों ने पंचायत व प्रखंड प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस कुएं की मरम्मत कराकर पानी की समस्या से राहत दिलाई जाए।

## स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित एएनसी रजिस्ट्रेशन में सुधार के निर्देश



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन से एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, कुपोषण उपचार केंद्रों, गंभीर बीमारियों की योजनाओं, टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि एक माह के भीतर एएनसी जांच शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संस्थागत डिलीवरी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष कार्य योजना बनाई जाए। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगरई, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डॉ. शोभना टोप्पो, जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चन्दन सहित जिले के तमाम स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से की गई।


### कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
(कृषि प्रभाग)

**PM-KUSUM (Component-B) सोलर वाटर पम्पसेट योजना हेतु किये गये आवेदन के अन्तर्गत लाभुक अंशदान की राशि जमा करने से संबंधित आवश्यक सूचना**

- गढ़वा जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि ज्रेडा द्वारा PM-KUSUM Component-B योजनान्तर्गत सिंचाई कार्य हेतु कृषकों को ऑफग्रिड सोलर पम्पसेट का वितरण एवं अधिष्ठापन का कार्य अनुदानित दर पर किया जा रहा है, जिसके तहत सभी जिलों से ऑनलाईन http://pmkusum.jharkhand.gov.in के माध्यम से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है।
- किसानों को लाभुक अंशदान के रूप में 2HP (AC & DC), के लिए रूपये 5000/- 3HP (AC & DC) के लिए रूपये 7000/- एवं 5HP (AC & DC) के लिए रूपये 10000/- क्षमता के प्रति सोलर पम्पसेट के लिए आवेदन की प्रक्रिया के तहत PM KUSUM PORTAL में लाभुक अंशदान की राशि ऑनलाईन के माध्यम से जमा किया जाना है। इसके अलावा अन्य किसी भी वेबसाईट के माध्यम से आवेदन तथा लाभुक अंशदान जमा नहीं करेंगे।
- जिन किसानों द्वारा ऑनलाईन मोड से आवेदन किया जा चुका किन्तु निर्धारित लाभुक अंशदान की राशि अब तक नहीं जमा करायी गयी है उन्हें इस सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि दिनांक **12.06.2025** तक अपने आवेदन के विरूद्व निर्धारित लाभुक अंशदान की राशि Online Portal http://pmkusum.jharkhand.gov.in के माध्यम से अवश्य जमा करा दें अन्यथा उक्त तिथि के बाद उनका आवेदन स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा एवं बाद में आवेदन संबंधित किसी भी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
नोडल पदाधिकारी, पी0एम0–कुसुम गढ़वा

PR 354516 Agriculture (25-26)_D


## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त सहित अधिकारियों ने दी श्रद्धांजलि




**लातेहार।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, बलिदान और संघर्ष की मिसाल है। उनके आदर्श हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चन्दन, योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। सभी ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## भगवान बिरसा मुंडा की शहादत को किया गया याद



**चंदवा।** चंदवा पूर्वी पंचायत के गुरिटांड़ में भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर झामुमो नेता शितमोहन मुंडा और वार्ड सदस्य कर्मा मुंडा ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शितमोहन मुंडा ने उनके ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए बताया कि 1895 में बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध विद्रोह किया था। 9 जून 1900 को उनकी रहस्यमयी मौत हो गई। मौके पर कई ग्रामीण मौजूद थे, जिनमें धनेश्वर उराँव, बबन मुंडा, सुरेश मुंडा, सुखलाल मुंडा, अंजन मुंडा समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

## दुल्हन को घर लाने से पहले थाने पहुंचा दूल्हा, शादी के कार्ड से मिला सुराग

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा (लातेहार)।** एक अनोखा मामला चंदवा थाना क्षेत्र में सामने आया, जहां बारातियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई और उसके बाद दूल्हा थाने पहुंच गया। दरअसल, मनिका के सिंजो शिव मंदिर के पास बस और ट्रक की टक्कर में कई लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बस से एक शादी का कार्ड बरामद हुआ, जिससे दुर्घटनाग्रस्त बस की पहचान हुई। इस आधार पर चंदवा पुलिस ने दूल्हे से संपर्क साधा और उससे जानकारी ली। थाने पहुंचे दूल्हे ने पुलिस को दुर्घटना की पूरी जानकारी दी और बताया कि घायल बाराती उसके परिवार और रिश्तेदार हैं। पुलिस ने घायलों के इलाज की व्यवस्था की और ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि शादी का निमंत्रण पत्र इस जांच में महत्वपूर्ण सुराग साबित हुआ। इसके माध्यम से घायलों की पहचान और परिवार वालों से संपर्क संभव हो पाया। इस पूरे घटनाक्रम से एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ कि किसी भी दुर्घटना में छोटी-छोटी वस्तुएं भी जांच में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं।

## उपायुक्त ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

- **सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा और जवानों की तैनाती का लिया गया जायजा**



**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री ने ईवीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा मानकों, कैमरा रिकॉर्डिंग बैकअप, जवानों की तैनाती आदि की जांच की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी और मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपायुक्त ने सुरक्षा में कोताही न बरतने की हिदायत दी।


### जिला कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची
### कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा

गढ़वा जिला के कृषक उत्पादक समूह (FPO) लैम्पस/पैक्स/Private Industries को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0– 01 दिनांक– 30.04.2025 के आलोक में National Mission on Edible Oil-Oilseeds (NMEO-OS) योजना अंतर्गत Post- Harvest Infrastructure Support for primary Sources as well as Secondary Sources Machinery & Equipment for Oil extraction unit (10 tonne capacity) and processing of oilseeds का निर्माण हेतु अनुदानित दर पर किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क0 | अनुदान की राशि (रू0 प्रति यूनिट) | लक्ष्य (इकाई) में |
|---|---|---|
| 1 | Post- Harvest Infrastructure Support for primary Sources as well as Secondary Sources Machinery & Equipment for Oil extraction unit (10 tonne capacity) and processing of Oilseeds/unit 990000 Subsidy Amount Maximum 33% | 01 |

**नोट :–**

➢ गढ़वा जिला के वैसे इच्छुक पैक्स/लैम्पस/FPO/Private Industries जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हो वे दिनांक 11.06.2025 से 16.06.2025 तक आत्मा कार्यालय, गढ़वा से आवेदन प्राप्त कर पूर्णरूप से भरा हुआ आवेदन जमा कर सकते है।

**आवेदन पत्र के साथ निम्न कागजात संलग्न करना अनिवार्य होगा।**

- आवेदक का आधार कार्ड का प्रति अभिप्रमाणित।
- जमीन का अद्यतन रसीद, अभिप्रमाणित।
- आवेदक का दो पासपोर्ट साईज फोटो।
- पास बुक का फोटो कॉपी जिसमें बैंक का नाम एवं लाभुक का नाम तथा आई0एफ0एस0सी0 कोड अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए अभिप्रमाणित।
- निर्माण स्थल का फोटोग्राफ।
- मुखिया द्वारा वंशावली।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 354517 (Agriculture)25-26*D


# पुनरुद्धार की आस में है झारखंड की ऐतिहासिक धरोहर, पलामू किला

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला (लातेहार)।** पलामू टाइगर रिजर्व की परिधि में स्थित चेरो राजवंश की ऐतिहासिक विरासत पलामू किला आज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में अपने पुनरुद्धार की प्रतीक्षा कर रहा है। यह किला लगभग 400 वर्ष पुराना है और कभी मुगलों व अंग्रेजों के निशाने पर रहा था। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार, मुगल सल्तनत के सूबेदारों से लेकर अंग्रेजों तक ने इस किले को नष्ट करने की भरपूर कोशिश की थी। इसके बावजूद किला अपने वजूद के साथ आज भी बेतला के घने जंगलों में खड़ा है।

आजादी के बाद से अब तक किले के संरक्षण की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं हुए। वर्ष 1972 में जब पलामू टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई, तो यह किला वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में आ गया। परंतु इसके रख-रखाव की जिम्मेवारी उठाने के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया। 1995 के बाद नक्सली गतिविधियों के बढ़ने से यह किला उपेक्षा का शिकार होता गया। 2005 में विधायक रामचंद्र सिंह और तत्कालीन उपायुक्त केके सोन के प्रयास से जीर्णोद्धार कार्य आरंभ हुआ, परन्तु टाइगर रिजर्व प्रशासन के विरोध के कारण कार्य बीच में ही रोक दिया गया।

इसके बाद 2022 में पुनः विधायक रामचंद्र सिंह और तत्कालीन उपायुक्त अबु इमरान के प्रयास से पुरातत्व विभाग द्वारा किले का सर्वेक्षण कराया गया। सर्वे रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी गई, लेकिन कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई।

अब एक बार फिर इस धरोहर को संरक्षित करने की कवायद शुरू हुई है। विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा में बार-बार यह मामला उठाया है। चेरो राजवंश के वित्तमंत्री रह चुके राधाकृष्ण किशोर ने भी किले की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया है।


### झारखण्ड सरकार
### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
### वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–08.07.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | आवेदन पत्र के साथ जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा पिकअप, रंग–सफेद | - | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 2 | महिन्द्रा B275DI ट्रैक्टर, ट्रेलर सहित | Sr. No. - RDTL003611A | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 10000.00 |
| 3 | EICHER TRUCK | Reg. No. - UK07CA-7783 | गढ़वा वन प्रक्षेत्र का कार्यालय परिसर। | 50000.00 |
| 4 | Tractor Mahindra B275 DI | Chassis No. - 0A5558519R4 | धुरकी वन परिसर का कार्यालय परिसर। | 5000.00 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

PR 354509 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)#D

### उपायुक्त डॉ ताराचंद ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मल्यार्पण कर नमन किया

# भगवान बिरसा का मातृभूमि प्रेम व बलिदान हमेशा से प्रेरणादायी रहे हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्य तिथि की अवसर पर उपायुक्त डॉ ताराचंद के द्वारा समाहरणालय परिसर लोहरदगा स्थित भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेन्द्र मुण्डा समेत जिला के अन्य पदाधिकारियों के द्वारा भी पुष्पांजलि अर्पित कर मल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा का अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम,समर्पण व बलिदान हमेशा से हम सभी के लिए प्रेरणादायी रहा है। भगवान बिरसा के साहस संघर्ष और दृढ़संकल्प का ही परिणाम है कि हम सभी स्वतंत्र जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। उनकी पुण्य तिथि के अवसर पर हम यह संकल्प लेते है कि हमेशा उनके बताए मार्गों पर चलेगें।



## डीसी से मिला टाना भगतों का प्रतिनिधिमंडल

टाना भगत समुदाय का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को उपायुक्त से मिला और उन्हें टाना भगतों के लिए चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को अपनी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने बताया कि कई योजनाओं का लाभ उन्हें समुचित रूप से नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते समुदाय के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और नियमित निगरानी की मांग की। इस अवसर पर उपायुक्त ने प्रतिनिधियों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि टाना भगत समुदाय के हितों की रक्षा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने योजनाओं की वस्तुस्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाएगा और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए जाएंगे।




## शामिल उरांव राज्य दिव्यंग्यता सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनाए गए

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उरांव पिता सुकरा उरांव को महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा गठित राज्य दिव्यंगता सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनाया गया है। शामिल उरांव दिव्यंगता के क्षेत्र में 20 वर्षों से काम किया है। स्वावलंबी विकलांग महासंघ का अध्यक्ष पद पर रहकर दिव्यांग जनों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने का भी अनुभव रहा है। राज्य दिव्यंगता सलाहकार बोर्ड में कुल 42 सदस्य होते हैं। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार द्वारा शामिल उरांव को सदस्य बनाए जाने पर झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, जिप सदस्य राजमणि उरांव, एलजीएसएस के सचिव चंद्रपति यादव, शेख यासीन, स्वालंबी विकलांग महासंघ के लीलावती कुमारी व अन्य ने बधाई दी है।



## अवैध बालू उठाव व परिवहन मामले में दो ट्रैक्टर जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन के विरुद्ध सेन्हा थाना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन द्वारा कारवाई करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का दो ट्रैक्टर को मेढ़ो कोयल नदी से जब्त किया गया है। जिसे बालू माफियाओं के बीच हड़कम्प मचा हुआ है। वही जब्त ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत करवाई किया जाएगा। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेखौफ हो बालू माफियाओं द्वारा अवैध बालू उठा एवं परिवहन धड़ल्ले से जारी था। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को मिलते ही त्वरित करवाई करते हुए बालू लदा दो गाड़ी को जब्त किया गया। इस संदर्भ में सेन्हा थाना प्रभारी वारिश हुसैन से सम्पर्क कर जायजा लेने पर उन्होंने कहा कि छापामारी के दौरान अवैध बालू लदा बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का दो ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। साथ ही बताया कि अंचलाधिकारी के माध्यम से जिला खनन पदाधिकारी को अवैध बालू उठाव और परिवहन मामले में कानूनी करवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है।

## कैरो में धरती आबा बिरसा मुंडा का पुण्यतिथि मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय के देवी मंडप प्रांगण में भाजपा के द्वारा भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और मुंडा जनजाति लोक नायक धरती आबा बिरसा मुंडा का 125वीं पुण्य तिथि मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पणा किया गया उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि बिरसा भगवान का जन्म 15 नवम्बर 1875 ई में एक गरीब परिवार में उनका जन्म खूंटी जिला के उलिहातु गांव में हुआ था। उन्होंने ने अग्रेजों, जमींदारों और ईसाइयों के विरोध में जंग छेड़ रखा था।उनका नारा था आबुआ ढिशुम आबुआ राज। उनका मृत्यु 09 जून 1900 ई को जेल में हुई। इस कार्यक्रम में बजरंग उरांव, लखन उरांव, श्रवण मुंडा, नसीर खान, प्रमोद साहू, विदेशी रविदास, अरविंद सिंह, कालीचरण तुरी इत्यादि उपस्थित थे।

## धरती आबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित, शामिल हुए सरयू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर लोहरदगा के शंख मोड़ स्थित बिरसा चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अनेक गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस श्रद्धांजलि समारोह में जमशेदपुर के विधायक सरयू राय, भाजपा नेता ओम प्रकाश सिंह, देवाशीष कार, संजय बर्म्मन, बालकृष्णा सिंह, लक्ष्मी नारायण भगत, अजय पंकज, मीना बाखला, शामेला भगत, भारती सिंहा, निधिकांत प्रसाद, सचिन कुमार, तथा अशोक कांस्यकार समेत अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सरयू राय ने कहा,



"बिरसा मुंडा न केवल एक महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि वे एक लोकनायक भी थे। उन्होंने 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ 'उलगुलान' (महाविद्रोह) का नेतृत्व कर संघर्ष की नई दिशा दी।

उनकी नेतृत्व क्षमता इतनी प्रबल थी कि ब्रिटिश हुकूमत इस क्षेत्र में कांप उठती थी। उनके अद्वितीय योगदान के कारण आज भी लोग उन्हें भगवान की तरह पूजते हैं। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।" कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों की उपस्थिति से यह आयोजन भावपूर्ण और प्रेरणादायी बन गया। सभी ने एक स्वर में बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने और समाज में समरसता, संघर्ष और आत्मसम्मान के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर शंख मोड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने बहुत ही कम उम्र में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की शुरुआत की और अंतिम सांस तक लड़ते रहे। उन्होंने आदिवासी समाज को संगठित कर साहूकारी और महाजनी प्रथा के विरुद्ध जनआंदोलन चलाया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को आत्मसात कर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है।

जिला पर्यवेक्षक डॉ. राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। आज हम जो स्वतंत्रता का आनंद ले रहे हैं, वह उनकी जैसी विभूतियों के संघर्ष और बलिदान का ही परिणाम है। कार्यक्रम में मोहन दुबे, पवन गौतम, शाहिद अहमद बेलू, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अंसारी, संगीता उरांव, मुस्ताक अहमद, मुनीम सफीक अंसारी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन भगवान बिरसा मुंडा के सिद्धांतों पर चलने और उनके सपनों का भारत गढ़ने के संकल्प के साथ हुआ।



### भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर झापिपा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने किया नमन

**लोहरदगा।** झारखंड पिपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई अनिल कुमार भगत भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर लोहरदगा रांची मुख्य पथ अंतर्गत शंख नदी के समीप पर स्थित उनके प्रतीमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान अनिल कुमार भगत ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा अंग्रेजी हुकूमत को अपने दम पर दांतों तले चना चबाने पर मजबूर कर दिया था, आज उनके आदर्शों पर चलने समाज के बेहतर निर्माण हेतु हम सभी को संकल्प लेकर विकसित लोहरदगा जिला और झारखंड प्रदेश को मॉडल राज्य बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा हमें आजादी दिलाने हेतु अंतिम सांस तक अंग्रेजों से लोहा लेने का कार्य कर दिखाये थे। अनिल कुमार भगत ने कहा कि आज हमें गर्व महसूस होता है कि हम सभी झारखंड के निर्माणकर्ता भगवान बिरसा मुंडा के बदौलत अमन-चैन की जिंदगी जी पा रहे हैं।

## दिखावे की वस्तु बन कर रह गई है स्वास्थ उपकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू।** कुडू का सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में लगी एक्सरे मशीन सहित कई उपकरण लो वोल्टेज की समस्या के चलते सफेद हाथी साबित हो रहे है। एक्स-रे मशीन के न चलने से करीब करीब प्रतिदिन मरीजों को बिना एक्स-रे करवाए ही लौटना पड़ता है और मजबूरीवश उन्हें निजी लैबों में ही एक्स-रे करवाना पड़ता है, जो उनके लिए काफी खर्चीला साबित हो रहा है। गौर तलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा करीब पांच वर्ष पूर्व डिजिटल एक्स-रे मशीन लगवाई गई थी। ताकि यहां के मरीज़ों को एक्स-रे कराने के लिए दूर दराज के चक्कर नही लगाना पड़े। लेकिन दुर्भग्यवश लो वोल्टेज की समस्या के कारण यह पुरी तरह ठप है। इस बारे में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुलामी होरो से पूछने पर उन्होंने बताया कि सटीक वोल्टेज पर निर्भर एक्सरे मशीन, ऑक्सीजन कंसट्रेटर, कम्प्यूटर सिस्टम नही चल पाते इसके अलावा कई ज़रूरी वैक्सीन और दवाओं के खराब होने का भी खतरा बना रहता है। यदि मशीनों को लो वोल्टेज में चलाया जाए तो ये खराब हो सकते हैं। डेंटिस्ट प्रेरणा श्रोत के क्लिनिक में लगी डेंटल एक्सरे मशीन लो वोल्टेज के कारण खराब पड़ी है। उंन्होने बताया कि बिजली की लो वोल्टेज की समस्या के बारे में कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से स्वास्थ्य विभाग व बिजली विभाग को अवगत करवाया जा चुका है। पूर्व में अस्पताल के लिए अलग ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भी बात रखी गयी लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। जिस कारण मशीन रहते हुए भी इसका लाभ ज़रूरतमन्दो को नही मिल पा रहा है। कुल मिलाकर जनप्रतिनिधियों और जिम्मेवार अधिकारियों को चाहिए कि इन उपकरणों के नियमित इस्तेमाल और मरीजों को लाभ पहुंचाने के लिए वोल्टेज की समस्या तत्काल उपाय किया जाए।



लो वोल्टेज के कारण नही हो पा रहा है एक्सरे मशीन सहित कई उपकरणों का इस्तेमाल

**जनजागरूकता** सरयू राय की अध्यक्षता में विस की प्रतियुक्त विधान समिति की बैठक, कहा-

# शिकायतों का ससमय निपटारा करें पदाधिकारी

- व्यक्ति को अधिनियमों के अंतर्गत विशेष अधिकार, आप उनके अधिकारों के रक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा की प्रतियुक्त विधान समिति की बैठक आज परिसदन लोहरदगा में हुई। बैठक में रोजगार गांरटी अधिनियम सूचना का अधिनियम, सेवा की गारंटी अधिनियम, भोजन का अधिकार अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल अधिकार सरंक्षण आयोग अधिनियम समेत अन्य विभागों के अधिनियम से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। इसमें सभी पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यालयों के सूचना पटट् पर अपने विभाग द्वारा प्रदत् सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित करने और जिला स्तर पर समाहरणालय परिसर में एक सूचना सेवाओं से संबंधित प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर समिति के सभापति सरयू राय ने कहा कि सेवा की गारंटी किसी भी व्यक्ति का अधिकार होता है। जब वह किसी सेवा के लिए आवेदन देता है तो उसे अधिनियम अन्तर्गत निर्धारित समय में सेवा प्राप्त हो जानी चाहिए लेकिन अक्सर आम जन को अधिनियमों की जानकारी नही होती हैं। इसमें जनजागरूकता का भी अभाव है। लोगों का अधिक से अधिक अधिनियमों की जानकारी हो इसके लिए सभी स्तर से प्रयास होना चाहिए।



### समुचित विस्तारण करने का निर्देश

कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को नगर परिषद क्षेत्र में सुखा व गीला कचरा का उठाव कर उसका समुचित विस्तारण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद द्वारा डोर-टू-डोर कचरा का उठाव उपलब्ध वाहन व नालियों की साफ-सफाई से संबंधित जानकारी सभापति को दी गई। सभापति द्वारा जिला में सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के कार्य प्रगति की जानकारी ली गई। बारिश के मौसम से पहले शहर के नालियों के साफ-सफाई व जलजमाव की स्थिति की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया गया।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
*(CIN:U40108JH2013SGC001702)*
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:gm_mdnjseb@yahoo.in / Telephone:-06562-295539

**1st e-TENDER Time Extension Notice**

Due to some unavoidable reasons e-tender Notice No. **18/PR/JBVNL/2025-26** (Related with Manpower), under Electric Supply Area, Medininagar is hereby time extended as following manner:-

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES FOR ABOVE NIT's**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | Up to 01.07.2025 17:00 Hrs. |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | Up to 01.07.2025 17:00 Hrs. |
| 3 | Last date and time of submission of online tender fee | Up to 01.07.2025 17:00 Hrs. |
| 4 | Date and time of opening of tender | Date 03.07.2025 at 15:00 Hrs. |

5.Tender Notice is also available on our website : **www.jharkhandtenders.gov.in**
6 For any clarification please contact: **9835574043**
**7 Other terms and conditions will remain the same and duly available website.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें। **PR No. 352653**

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 354526 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 25-26 (D)



**न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार।**

**दाखिल–खारिज पुनरीक्षण वाद संख्या–73/2025**

नोटिस
बनाम्

प्रतिपक्षी :– अब्बास मिया वो इसराफिल मियां दोनों के पिता–स्व0 यार अली मियां, सभी निवासी ग्राम–ईचाक, पो0–कुरा, थाना+जिला–लातेहार

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में विचाराधीन दाखिल–खारिज पुनरीक्षण वाद की अगली सुनवाई की तिथि 20.06.2025 निर्धारित की गयी है।

अतएवं अपलोगों को सूचित किया जाता है कि दिनांक–20.06.2025 को उपस्थित होकर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार।

PR 354511 (District) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–10/2025–26**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विभाग का नाम | :– भवन निर्माण विभाग। |
| 2 | विज्ञापन दाता का नाम | :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 3 | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय | :–14/06/2025को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक) |
| 4 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :–16/06/2025को अपराह्न 03:00 बजे तक। |
| 5 | मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय | :–16/06/2025 को 03:30 बजे अपराह्न से। |
| 6 | परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान | :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। |
| 7 | निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान | :–क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर। |
| 8 | कार्य का विवरण:– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेराल प्रखण्ड अन्तर्गत परियोजना विद्यालय अकलवानी का जीर्णोद्धार कार्य। | ₹9,15,500.00 | ₹18,500.00 | ₹1,250.00 | 21दिन |
| 2. | नगर उंटारी प्रखण्ड अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पाल्हे कला का जीर्णोद्धार कार्य। | ₹19,03,200.00 | ₹38,100.00 | ₹5,000.00 | 45 दिन |
| 3. | नगर उंटारी प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय जतपुरा का जीर्णोद्धार कार्य। | ₹14,31,110.00 | ₹29,000.00 | ₹2,500.00 | 30दिन |
| 4. | गढ़वा प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय लगमा पार्ट–2 का निर्माण कार्य। | ₹49,36,900.00 | ₹99,000.00 | ₹5,000.00 | 90 दिन |
| 5. | रमना प्रखण्ड अन्तर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहियार खूर्द पार्ट–2 का जीर्णोद्धार कार्य। | ₹19,88,700.00 | ₹40,000.00 | ₹5,000.00 | 30दिन |

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोटः– ***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** जिस संवेदक के नाम से पंजीकरण प्रमाण–पत्र है उसी नाम से बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 मान्य होगा। स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।
- स्थानीय संवेदको को हीं प्राथमिकता दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 354508 (Building)25-26*D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा (जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)**
**सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा।**
फोन नं0:- 06561-222050,222051 मेल आई0डी0 :- cs.garhwa@gmail.com

पत्रांक :–................................/ दिनांक :–................................/

–: **निजी अस्पताल/नर्सिंग होम आदि के निबंधन हेतु आवश्यक सूचना**:–

Clinical Establishment Act 2010 के तहत गढ़वा जिला अन्तर्गत संचालित सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे संस्थान आदि का पंजीकृत होना अनिवार्य है। अतएव गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे/अल्ट्रासाउण्ड जॉच घर संस्थान आदि के संचालक को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वे Clinical Establishment Act 2010 के तहत अपने संस्थान के पंजीकरण हेतु दिनांक 20.06.2025 तक अनिवार्य रूप से अपना आवेदन ऑनलाईन www. clinical establishments.gov.in पर आवेदित करने के साथ ही उसकी एक प्रति सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा में समर्पित कर दें। दिनांक 20.06.2025 के पश्चात् बिना निबंधन के संचालित संस्थानों के खिलाफ Clinical Establishment Act 2010 के तहत् आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिसकी सारी जवाबदेही संबंधित संस्थान के संचालकों की होगी।

**नोट :–X-Ray, Dental X-Ray, CT Scan, MRI & USG के संचालकों को AERB द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य है।**

**दण्ड प्रावधान**

अपंजीकृत निजी संस्थान द्वारा चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराये जाने पर धारा 41(1) के तहत आर्थिक दण्ड निम्नवत् प्रावधान है–
**प्रथम बार– 50,000/ रू0 तक द्वितीय बार– 2,00,000/ रू0 तक उत्तरवर्ती बार– 5,00,000/ रू0 तक**

सभी अस्पताल/क्लिनिक/नर्सिंग होम/आयुष क्लिनिक/पैथोलॉजी जॉच घर/एक्स–रे/अल्ट्रासाउण्ड संस्थान आदि में पुछताछ केन्द्र पर चिकित्सक का नाम, उसकी योग्यता, मेडिकल कॉउसिंल रजिस्ट्रेशन एवं प्रदत्त सेवाओं के शुल्क आदि का विवरण हिन्दी एवं अंग्रेजी में प्रदर्शित करना अनिवार्य है।

**नोट :–सभी आम–जनता/मरीजों से अनुरोध है कि अपना ईलाज पंजीकृत संस्थानों से ही करायें।**

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.354514 Health Med Edu and Family Welfare(25-26):D

### भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर गुमला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, उपायुक्त ने कहा-

# बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के आत्मसम्मान के प्रतीक

**नवीन मेल संवाददाता**





**गुमला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को गुमला स्थित बिरसा मुंडा पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11:00 बजे माल्यार्पण के साथ हुई, जिसमें जिले के शीर्ष अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक, आईटीडीए, एसडीओ (सदर), डीएसपी, डीसीएलआर, जिला नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य पदाधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा, "भगवान बिरसा मुंडा केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज एक योद्धा नहीं, बल्कि वे आज भी आदिवासी समाज की चेतना, स्वाभिमान और संघर्ष के प्रतीक हैं। उनकी लड़ाई केवल जमीन के हक की नहीं थी, बल्कि आदिवासियों की गरिमा और पहचान को पुनः स्थापित करने की थी।" उन्होंने यह भी कहा कि जिला प्रशासन बिरसा मुंडा जी के विचारों से प्रेरणा लेकर आदिवासी समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास हेतु निरंतर कार्य करता रहेगा।

### बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व रोजगार मुद्दों पर भाजपा ने की गोष्ठी



**गुमला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर आज गुमला स्थित बिरसा मुंडा पार्क में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की अगुवाई में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर जनजातीय समाज के इस महान जननायक को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम के उपरांत बिन्देश होटल के सभागार में भाजपा के सातों मोर्चों के संयुक्त तत्वावधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आदिवासी समाज के समक्ष खड़े विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। गोष्ठी में मुख्य रूप से शोषण, दमन, रोजगार के अवसरों में अतिक्रमण, धार्मिक हस्तक्षेप और लैंप्स द्वारा किसानों को धान बीज की आपूर्ति और धान की खरीद जैसे विषयों पर संवाद हुआ। वक्ताओं ने जनजातीय हितों की रक्षा के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

### सिसई प्रखंड कार्यालय में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

**सिसई।** अंग्रेजी हुकूमत को चुनौती देने वाले जननायक, स्वतंत्रता सेनानी व धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का सोमवार को पुन्य तिथि मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में अवस्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भगवान बिरसा मुंडा के बलिदानों व समर्पण को याद किया गया। मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, बीपीओ सुप्रिया कुमारी, आवास समन्वयक आयता मिंज, रुपा कुमारी, शीला कुमारी, सावित्री कुमारी, अभिजीत आनंद, नारायण सिंह, अरविंद बडाईक, जॉनसन केरकेट्टा, व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय विकास कार्यों की गहन समीक्षा

## डीडीसी ने पारदर्शिता व गुणवत्ता को बताया प्राथमिकता



- ग्राम पंचायत सहायता केंद्रों की अधिष्ठापना व संचालन की स्थिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सिसई और भरनो प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ आज एक विस्तृत विकास समीक्षा बैठक का आयोजन उपविकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी एवं जिला परियोजना प्रबंधक सहित पंचायत सचिव, मुखिया, कनीय अभियंता और समन्वयकों ने भाग लिया।

15वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति एवं भुगतान की स्थिति, जीपीडीपी और समृद्धि परियोजना के तहत चयनित पंचायतों की योजनाओं की प्रविष्टि, पंचायत सचिवालय में रोस्टर पालन एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गमन एवं प्रज्ञा केंद्रों में वीएलई की उपस्थिति, भारत नेट कनेक्टिविटी, पंचायत ज्ञान केंद्र की कार्यशीलता और पंचायत सहायकों के लिए कक्ष आवंटन।

बैठक में उपविकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पंचायत सचिवालय के सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और जनता के लिए उत्तरदायी हों। जनसेवा से जुड़े कार्यों को गुणवत्ता के साथ त्वरित रूप से पूरा करना आवश्यक है। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा संचालित निषिद्ध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान पर भी चर्चा हुई। उपविकास आयुक्त ने पंचायत प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से अपील की कि वे नशा उन्मूलन के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाएं और पुलिस एवं प्रशासन को पूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा की पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सचिवालय को आम जनता के लिए सुलभ एवं सेवा-केंद्रित संस्था बनाना जरूरी है।

### स्वास्थ्य व नशा उन्मूलन को लेकर प्रशासन सक्रिय, डीसी ने दिए सख्त निर्देश

# गुमला सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण, व्यवस्था सुधार पर जोर

- मानसून अवधि में बालू उठाव पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध
- 'जीरो टॉलरेंस नारकोटिक्स' अभियान का शुभारंभ
- आज से नशा मुक्ति जागरूकता रथ होगा रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला प्रशासन आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सोमवार को सदर अस्पताल गुमला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी, मातृत्व वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, एमटीसी, औषधि कक्ष समेत कई विभागों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने वेटिंग एरिया विस्तार, वेटिंग चेयर की संख्या बढ़ाने, अनावश्यक ऑटो प्रवेश पर रोक, सफाई व्यवस्था की निगरानी और अस्पताल प्रबंधन के लिए एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मॉडल ऑपरेशन थिएटर निर्माण के प्रस्ताव को शीघ्र राज्य मुख्यालय भेजने का आदेश दिया।

पर्यावरण संरक्षण और नदियों के प्रवाह को बनाए रखने के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने 10 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक गुमला जिले के सभी बालू घाटों पर खनन प्रतिबंधित करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

नशे के विरुद्ध राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत सोमवार को नगर भवन में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपायुक्त ने नशा मुक्ति को लेकर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने की बात कही और हर थाना को लक्षित कार्रवाई के निर्देश दिए। आमजन से भी अभियान में सहयोग की अपील की गई।

राज्यव्यापी नशा विरोधी जनजागरूकता अभियान का शुभारंभ 10 जून को समाहरणालय परिसर से होगा, जहाँ उपायुक्त जागरूकता रथ को रवाना करेंगी। यह रथ जिले भर में घूमकर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाएगा। अभियान के दौरान रैली, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, शपथ आदि गतिविधियाँ होंगी।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा लाभुकों को समय पर भुगतान के निर्देश

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की बैठक आयोजित हुई, जिसमें सर्वजन पेंशन योजना और मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र लाभुकों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा आधार सीडिंग व भौतिक सत्यापन शीघ्र पूर्ण किया जाए।

# अबुआ दिशुम, अबुआ राज की गूंज के साथ बिरसा बाग में शहादत-दिवस

### सैकड़ों ने धरती-आबा बिरसा मुंडा को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला** झारखंड के वीर सपूत भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं शहादत-दिवस पर आज बिरसा बाग, बिशुनपुर में जनसैलाब उमड़ा। विकास भारती बिशुनपुर के कार्यकर्ताओं, ज्ञान निकेतन विद्यालय तथा प्राथमिक विद्यालय सेरका के सैकड़ों छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने सामूहिक रूप से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर धरती-आबा को नमन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास भारती के संयुक्त सचिव महेन्द्र भगत ने कहा की बिरसा मुंडा ने 1895 में 'उलगुलान' छेड़कर आदिवासी समाज को जमीन, जल और जंगल पर अधिकार का संदेश दिया। उनका नारा 'अबुआ दिशुम, अबुआ राज' आज भी हमारी चेतना में जीवित है।" उन्होंने अंग्रेज हुकूमत द्वारा 9 जून 1900 को रांची जेल में हुई बिरसा की संदिग्ध मृत्यु को याद करते हुए कहा, "जल-जंगल-जमीन पर माफिया-कब्ज़ा और भ्रष्टाचार रोकने तक बिरसा का सपना अधूरा है; समाज को संगठित होकर लड़ाई जारी रखनी होगी।

समारोह में कुमकुम मैत्र, पंकज सिंह, कौशल किशोर, संजय सिंह, अनिल सिंह, नितेश खेरवाड़ा, शत्रुघ्न मुंडा तथा शिक्षिका मालती देवी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बच्चों ने बिरसा के आदर्शों पर आधारित गीत-नारे गाकर वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने आदिवासी अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के साथ ही शहीद-दिवस को गौरव, कृतज्ञता और संगठित प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया गया।

### जंगली हाथी का कहर, फसलें रौंदी

## खलिहान व बाउंड्रीवाल भी किया ध्वस्त, ग्रामीण रतजगा को विवश

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो।** भरनो प्रखंड में जंगली हाथी का आतंक लगातार जारी है। बीते रविवार की रात नहर डीपा में हाथी ने एक बार फिर तांडव मचाते हुए छोटन दास के घर की बाउंड्रीवाल को जोरदार लात मारकर तोड़ डाला। इसके बाद कुम्हरो गांव निवासी बलिराम उरांव के केले के बागान को रौंदते हुए कई केले की कांधियों को खा गया। इसी क्रम में भगतटोली के महादेव भगत के खेत में लगी मिर्च की फसल, प्रकाश उरांव के खीरे की खेती और ललित उरांव के खलिहान में मिसाई के लिए रखे गरमा धान के गांज भी हाथी ने चट कर डाले। स्थानीय लोगों के अनुसार यह वही जंगली हाथी है जो पिछले डेढ़ महीने से भरनो, आमलिया, डूडीया डोंबा और करंज पंचायत क्षेत्रों में लगातार कहर बरपा रहा है। यह हाथी कभी भी अपना रूट बदल लेता है, जिससे ग्रामीणों को इसकी दिशा का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है। पटाखे से यह नहीं डरता, और केवल मशाल जलाने पर ही कुछ हद तक पीछे हटता है। अब तक यह हाथी दर्जनों घरों और सैकड़ों किसानों की फसलों को बर्बाद कर चुका है। इसके डर से ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं और दहशत में जी रहे हैं। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक इसे खदेड़ने या पकड़ने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### जागरूकता कार्यक्रम | 9 पंचायतों में एक साथ आयोजित हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान

# 1142 किसानों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

- डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि मिट्टी की सेहत पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**नवीन मेल संवाददाता**




**रायडीह (गुमला)।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित और कृषि विज्ञान केंद्र गुमला, विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त तत्वावधान में "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का भव्य आयोजन रायडीह प्रखंड के 9 पंचायतों में एक साथ किया गया। इस महत्वपूर्ण अभियान में कुल 1142 किसानों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता, वैज्ञानिक कृषि तकनीकों, सतत कृषि प्रथाओं तथा फसल उत्पादकता में वृद्धि हेतु आधुनिक उपायों से अवगत कराना रहा। प्रत्येक पंचायत में कृषि वैज्ञानिकों, तकनीकी सहायकों एवं विषय विशेषज्ञों की टीमें गठित की गईं, जिन्होंने किसानों के साथ संवाद कर उन्हें व्यवहारिक जानकारी प्रदान की। केवीके गुमला के वैज्ञानिक डॉ. नीरज कुमार ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों के लिए एक वैज्ञानिक दस्तावेज की तरह है, जो मिट्टी की गुणवत्ता, पोषक तत्वों की स्थिति व सुधार के उपायों की स्पष्ट जानकारी देता है। उन्होंने कहा कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के संतुलित प्रयोग से 15-20 प्रतिशत तक उपज वृद्धि संभव है, साथ ही लागत में भी कमी आती है।

### वैज्ञानिक खेती के अन्य पहलू

कार्यक्रम में मौजूद अन्य कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को जैविक खेती, समेकित पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम), समेकित कीट प्रबंधन (आईपीएम), और मल्टी क्रॉपिंग जैसे आधुनिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। किसानों को बताया गया कि किस प्रकार मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का चयन कर वे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

### हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से किसान की मौत

**सिसई।** सिसई थाना क्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह शिवनाथपुर जलका निवासी किसान मोती गोप (55) जलका रोड स्थित अपना खेत जोतने गया था। इसी दौरान खेत में गिरे 11 हजार वोल्ट के तार को हटाने के क्रम में चालु लाईन के चपेट मे आने से घटना-स्थल पर ही किसान की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस व बिजली विभाग के कर्मी घटना स्थल पहुंचे। विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को 10 हजार रुपए नकद तत्काल सहायता राशि दी गई। वहीं पंचायत की मुखिया फ्लोरेंस देवी ने कहा कि बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण गांव के किसान को अपनी जान गवांकर चुकानी पड़ी है।

## न्यूज बॉक्स

### महली जनजाति विकास मंच की जिला कमेटी का पुनर्गठन, सुमित महली बने अध्यक्ष



**भरनो।** गुमला बस स्टैंड के समीप सूड़ी धर्मशाला में महली जनजाति विकास मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हरिनारायण महली ने की, जिसमें गुमला जिला कमेटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया। नई जिला कमेटी में सुमित कुमार महली को अध्यक्ष, विशेश्वर महली को उपाध्यक्ष, धनेश्वर महली को सचिव, प्रकाश कुमार बारला को कोषाध्यक्ष एवं मंकर महली को मीडिया प्रभारी के रूप में चयनित किया गया। इसके अलावा शंभू राम टोप्पो, अमित महली, बजरंगी महली, अमर महली, धनु महली, सरजीत महली को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में जिले के 12 प्रखंडों से बड़ी संख्या में महली समाज के बुद्धिजीवी, समाजसेवी व प्रतिनिधियों ने भाग लिया और नई कमेटी को अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष हरिनारायण महली ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज के विकास की अपेक्षा जताई और सभी प्रखंडों में कमेटियों का गठन कर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

### ओलमुंडा पंचायत में आयोजित विशेष शिविर में अनुमंडल पदाधिकारी हुए शामिल



**सिसई (गुमला)।** सिसई प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र ओलमुण्डा पंचायत अंतर्गत सेमरा गांव के हर्राटोली -करमटोली में सोमवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरीय पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों के साथ दर्री में बैठकर ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरू हुए और सरकार और प्रशासन से ग्रामीण इलाकों के लोगों की अपेक्षा व आकांक्षाओं की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही जन कल्याणकारी व विकास योजनाओं की जानकारी सभी से साझा की। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से प्रशासन व अधिकारियों के समक्ष खुलकर अपनी बात रखने, नशा पान, अंधविश्वास, अपराध व अपराधियों से दुर रहने, अफवाहों व बाल विवाह, झाड़ फुक, डायन बिसाही जैसी सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने, क्षेत्र में घटित घटना,अपराध व अपराधियों की सूचना प्रशासन को देने और क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने, अपने बच्चें -बच्चियों को बिना भेदभाव के सामान रुप से शिक्षित करने, महिला समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़ने, विभिन्न सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा युवक-युवती के लिए संचालित रोजगार प्रशिक्षण व योजनाओं से जुड़कर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने, कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में अग्रेसर होकर पारिवारिक आर्थिक स्थिति में सुधार लाने और अपने गांव-समाज व प्रखंड की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने की अपील की।

### अगले तीन दिनों तक कंप्यूटर ऑपरेटर काला पट्टी लगा कर कार्य करेंगे



**घाघरा।** घाघरा सरकार द्वारा निकाले गए आदेश के विरोध में झारखंड राज्य आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ रांची के निर्देशन पर घाघरा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर ने सोमवार को काला पट्टी लगाकर अगले तीन दिनों तक कार्य करेंगे। कंप्यूटर ऑपरेटर ने बताया कि 9 ,10 और 11 जून तक तीन दिन हम सभी विरोध स्वरूप काला पट्टी लगाकर अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 11 जून को शाम में जिला मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला जाएगा तथा 12 जून को जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम किया जाएगा। आगामी 13 जून को रांची के मोराबादी मैदान में धरना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें राज्य के सभी आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल होंगे। इसके बावजूद भी अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो सरकार के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन किये जाने की बात बताई गई। इस अवसर पर कंप्यूटर ऑपरेटर नीतीश कुमार, विकास कुमार, विवेक कुमार, राजू उरांव प्रमोद टोप्पो, ड्राइवर लेदवा उरांव एवं सहायिका मिनी देवी शामिल है।

### मेन्यू के अनुसार बच्चो को खाना दे बीडीओ



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग सह मोनेटरिंग कमिटी की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। विद्यालय की उपस्थिति 63 प्रतिशत है जिसे बढ़ाने की बात कही गयी। बच्चों को खाने में सहजन, हरी पत्ती का भोजन में उपयोग, बच्चों को मेन्यू के अनुसार खाने की व्यवस्था, साफ सफाई की समुचित व्यवस्था, एक से पांच वर्ग के बच्ची को पिंक गोली, 6 से 8 वर्ग की बच्ची को नीली गोली देने के साथ साथ अध्ययनरत बच्चों की उच्चाई एवं वजन की माप सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, मध्य विद्यालय की प्राचार्या देवकुमारी धनवार, अमित कुमार साय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित



**गुमला।** जिला पेंशनर समाज की मासिक बैठक तेजपाल राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें केंद्र सरकार से जनवरी 2026 से पूर्व सेवानिवृत्त सभी केंद्रीय एवं राज्यकर्मियों को आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों के तहत पूर्ण लाभ और अन्य सुविधाएं देने की मांग जोरदार ढंग से उठाई गई। बैठक में पेंशनभोगियों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नीयत पेंशनरों के प्रति स्पष्ट नहीं दिख रही है। यदि पूर्व की तरह इस बार भी पेंशनभोगियों को वेतन आयोग के लाभ से वंचित किया गया, तो पूरे देश में आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इस संबंध में अखिल भारतीय पेंशनर समाज के आह्वान पर राज्य समिति से प्राप्त ज्ञापन की तीन प्रतियां तैयार की गईं, जिन्हें उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा। बैठक में अल्पसंख्यक विद्यालयों के शिक्षकों से भी अनुरोध किया गया कि वर्ष 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षकों के ग्रेड पे निर्धारण हेतु वे अपनी पीपीओ, आधार कार्ड, पैन कार्ड और सेवा पुस्त की प्रति जिला शिक्षा पदाधिकारी या जिला शिक्षा अधीक्षक के कार्यालय में शीघ्र जमा करें।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

जानबूझकर आप जो भी करते हैं, उसके प्रति सावधान रहें, क्योंकि यदि आपकी इच्छा-शक्ति अत्यंत बलशाली न हुई, तो अवचेतन मन की आदतों को प्रभावित करने की शक्ति के कारण आपको विवशतापूर्वक वही कार्य बारम्बार करना पड़ सकता है। - श्री श्री परमहंस योगदानंद

## संपादकीय

# आतंकवाद पर दोहरी मानसिकता

पुलवामा हमले के जवाब में भारत ने वर्ष 2019 में जब बालाकोट एयरस्ट्राइक की थी, तब अमेरिका के जाने-माने टिप्पणीकार एश्ली टेलिस ने साफ-साफ शब्दों में टिप्पणी की थी, 'पाकिस्तानी आतंकवाद दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है। आगे बढ़ने वाली अमेरिकी नीति को पाकिस्तान पर जिहादी समूहों पर नकेल कसने के लिए लगातार दबाव डालना होगा, अन्यथा क्षेत्र में संकट जारी रहने का खतरा हमेशा बरकरार रहेगा।'तब तार्किक रूप से निष्कर्ष निकाला गया था कि बालाकोट संकट-जो 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में भारतीय केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती बम विस्फोट से शुरू हुआ था, जिसने भारतीय सैन्य जवाबी कार्रवाई और उसके बाद 26-27 फरवरी को भारत- पाकिस्तान हवाई संघर्ष को उकसाया था-बिल्कुल इसी दिशा में बढ़ रहा था। यह अंततः एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध के रूप में परिणत नहीं हुआ, जैसी की आशंकाएं जताई जा रही थीं, इसके लिए काफी हद तक अनुकूल राजनीतिक परिस्थितियों को श्रेय जाता है। उस समय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने बड़ी ही कुशलता से इस घटना को कम करके आंका था, लेकिन अगर दक्षिण एशिया में शांति और स्थिरता के लिए इस तरह के घातक परिणामों को स्थायी रूप से टालना है, तो इस उथल-पुथल के मूल कारण अर्थात पाकिस्तानी सेना द्वारा अपने पड़ोसियों के खिलाफ आतंकवादी समूहों को लगातार समर्थन दिए जाने का अंतरराष्ट्रीय समुदाय और अंततः पाकिस्तानी राजनेताओं द्वारा सीधे तौर पर विरोध किया जाना चाहिए। लेकिन हकीकत में ऐसा हुआ नहीं। यह देखा गया कि 10 मई, 2025 को सरगोधा और रावलपिंडी पर भारत ने हमला किया, उसके बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर ने अमेरिका के विदेश मंत्री से तनाव को कम करने की गुहार लगाई। ठीक उसी समय पाकिस्तान के सशस्त्र बलों को बहावलपुर के मरकज सुभान अल्लाह में मारे गए आतंकवादियों का अंतिम संस्कार करते देखा गया, जो जैश-ए-मोहम्मद के प्रशिक्षण और भर्ती केंद्र संचालन का मुख्यालय था। इनमें से कुछ आतंकवादियों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित सूची में रखा गया था। इस पृष्ठभूमि में हमें यह जानकार भी आश्चर्य हुआ कि मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत कर दिया गया। वास्तव में ऐसा इसलिए नहीं था कि वह अपने देश के लिए उत्पन्न खतरे से निपट सकते थे, बल्कि इसलिए कि उन्होंने ट्रंप कॉरपोरेशन के लिए एक व्यापारिक सौदे में भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही, हमें पता चला कि ट्रंप प्रशासन ने न्यूयॉर्क की एक अदालत को बताया था कि भारत और पाकिस्तान केवल तभी 'अस्थिर संघर्ष विराम' पर पहुंचे थे, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'हस्तक्षेप किया और दोनों देशों को पूर्ण पैमाने पर युद्ध को टालने के लिए अमेरिका के साथ व्यापारिक पहुंच की पेशकश की।' भारत के सरकारी सूत्रों का कहना है कि दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की भागीदारी के बिना समझौता हुआ है। और न ही कोई व्यापार समझौता हुआ और न ही संघर्ष विराम को बढ़ावा दिया गया। आतंकवाद से निपटने को एक व्यापारिक सौदे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

*पाकिस्तानी आतंकवाद दक्षिण एशिया में स्थिरता के लिए प्रमुख खतरा बना हुआ है।*

# प्रधानमंत्री का 11वां साल : भारत के बदलाव की एक बड़ी उपलब्धि



लोकतंत्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे वंचितों और अल्पवंचितों तक सेवाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में उच्च मानकों पर खरे उतरें। भारत में यह कसौटी और भी कठोर है। कोई भी नारा बिना उद्देश्य के और कोई भी दावा बिना परिणाम के नहीं टिकता। वास्तविक बदलाव का फायदा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, क्योंकि हमारे लोकतंत्र में, अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान) के लिए वोट किया जाता है।

यही कारण है कि मोदी 3.0 के एक वर्ष में, दिल्ली, महाराष्ट्र और हरियाणा में मिले शानदार जनादेश केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं हैं, बल्कि वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि आज के भारत में, बयानबाजी नहीं, बल्कि काम करके भरोसा जीता जाता है। 'अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय' के दर्शन पर आधारित कार्यक्रम यह सुनिश्चित करते हैं कि देश के विकास में कोई भी भारतीय पीछे न छूट जाए। 25 करोड़ से अधिक लोगों को कई तरह की गरीबी से बाहर निकाला गया है।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.68 लाख करोड़ से अधिक वितरित किए गए हैं। 'लखपति दीदी' पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सालाना 1 लाख से अधिक आय प्राप्त करने का अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। जल जीवन मिशन के तहत, 15.44 करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, चाहे उनकी आय कुछ भी हो। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ होने की उम्मीद है, जिससे उन्हें व्यापक स्वास्थ्य सेवा और वित्तीय सुरक्षा मिलेगी। इसके अलावा, इस योजना का विस्तार करके अग्रिम पंक्ति के सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया गया। ये चौंका देने वाले आंकड़े केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि लाखों भारतीय घरों में बदलाव की कहानियां हैं।

आतंकवादियों के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति से संबंधित प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पहलगाम हमले के बाद त्वरित प्रतिक्रिया में स्पष्ट थी, जहां आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया था। देश ने नुकसान पर शोक व्यक्त किया, लेकिन एकजुट होकर ऑपरेशन सिंदूर को सटीकता और दबदबे के साथ अंजाम दिया, जिससे उसके आतंकवाद से लड़ने और अपने नागरिकों की रक्षा करने के संकल्प की पुष्टि हुई।

दुनिया ने प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व द्वारा समर्थित भारतीय रक्षा बलों की तकनीकी और रणनीतिक श्रेष्ठता देखी है।

दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति आत्मनिर्भरता के लिए रणनीतिक निवेश से मेल खाती है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की व्यापक सटीकता, आंशिक रूप से कई वर्षों तक स्वदेशी रक्षा क्षमता पर लगातार ध्यान केंद्रित करने के कारण सक्षम हुई। 2014 के बाद, भारत के रक्षा विनिर्माण का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, निर्यात में भारी बढ़ोतरी हुई है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ है।

आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत, रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी), रक्षा उत्पादन और निर्यात प्रोत्साहन नीति (डीपीईपीपी) जैसे प्रमुख सुधार और कुछ क्षेत्रों के लिए 100% एफडीआई खोलने से घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद मिली है। ड्रोन और उसके कलपुर्जों के लिए दो विशेष पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अगली पीढ़ी के नवाचार को और भी बढ़ावा मिला है। आज, भारत द्वारा डिजाइन की गई मिसाइल प्रणाली, बख्तरबंद वाहन और नौसैनिक प्लेटफॉर्म न केवल हमारी सेनाओं में तैनात हैं, बल्कि 80 से अधिक देशों को निर्यात किए गए हैं। इससे ऐसे समय में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की छवि मजबूत हुई है, जब विश्वसनीय रक्षा भागीदारों पर वैश्विक भरोसा बहुत अधिक है।

विनिर्माण इसी नजरिये के केंद्र में है। भारत बड़े निवेश और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण सेमीकंडक्टर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ के निवेश से सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण संयंत्र बना रहा है, जिसके 2025 के मध्य तक परिचालन में आने और लगभग 27,000 नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। इस बीच, एचसीएल और फॉक्सकॉन का 3,706 करोड़ का संयुक्त उद्यम उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने के लिए तैयार है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर ध्यान केंद्रित करेगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1.57 लाख से ज्यादा मान्यता प्राप्त स्टार्टअप हैं। इनमें 100 से ज्यादा यूनिकॉर्न और 3,600 से ज्यादा डीप-टेक वेंचर शामिल हैं जो एआई, बायोटेक और सेमीकंडक्टर पर केंद्रित हैं। अकेले हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र में 200 से ज्यादा स्टार्टअप सामने आए हैं, जो एक भरोसेमंद इनोवेशन अर्थव्यवस्था के उदय का संकेत है।

स्टार्टअप इकोसिस्टम ने पहले ही 17.2 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार पैदा किए हैं और समस्या-समाधानकर्ताओं (प्रॉब्लम सॉल्वर्स) एवं उद्यमियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरित किया है। इस बीच, भारत धीरे-धीरे दुनिया के सबसे जुड़े हुए लोकतंत्र के रूप में उभरा है। 80 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट यूजर्स और 136 करोड़ आधार नामांकन के साथ, यह दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पहचान कार्यक्रम बन गया है। अब हमारी वैश्विक डिजिटल पेमेंट में 46% हिस्सेदारी हो गई है, जो यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म पर आधारित है जिसने वित्तीय लेन-देन को सभी के लिए आसान बना दिया है। इन प्रणालियों ने न केवल नागरिकों को सशक्त बनाया है बल्कि शासन को और भी स्मार्ट, तेज और पारदर्शी बनाया है।

2024-25 के केंद्रीय बजट में हमारी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता साफ नजर आती है। कुल व्यय 44.6 लाख करोड़ निर्धारित किया गया, जिसमें पूंजीगत व्यय को अभूतपूर्व रूप से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया गया। कर छूट को बढ़ाया गया, मध्यम वर्ग के लिए रिबेट दोगुनी कर दी गई और लंबे समय से स्टार्टअप के लिए चिंता का विषय रहे एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया गया। इन सुधारों से उपभोग में बढ़ोतरी होती है, उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलता है और भारत के दीर्घकालिक विकास पथ को मजबूती मिलती है।

मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने पर, बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। सड़कें, कारखाने और सौर पैनल सिर्फ प्रगति के संकेत नहीं हैं, बल्कि वे आकांक्षाओं की नींव हैं। आर्थिक, सामाजिक और रणनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत राष्ट्रीय स्तर पर नवीनीकरण का एक नया अध्याय लिख रहा है। जनादेश भी स्पष्ट है।

विजन बरकरार है। और, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, निर्णायक दशक अच्छी तरह से आगे बढ़ रहा है। इतिहास इस वक्त को सिर्फ तेज विकास के चरण के रूप में ही नहीं, बल्कि उस क्षण के रूप में दर्ज करेगा, जब भारत ने विश्वास किया, बदलाव किया और नेतृत्व किया है।

आज की बात



**हरदीप एस पुरी**
भारत सरकार में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री

# पर्ची का खेला क्लीनिक ने झेला

गुप्ता जी के क्लीनिक के शटर बंद होते ही मोहल्ले में एक अजीब-सी खामोशी छा गई, जैसे रेडियो पर 'बिनाका गीतमाला' के बीच अचानक बिजली चली गई हो। अब ना वो पुराना घंटी वाला दरवाज़ा बजता, ना उनकी खाँसती आवाज़ में वो मशहूर डायलॉग सुनाई देता – "दवा नहीं, भावना से इलाज होगा।" मोहल्ले का एकमात्र वाई-फाई जो भावनात्मक नेटवर्क से चलता था, अब 'नो सिग्नल' दिखा रहा था। बूढ़े शर्मा जी, जिनकी कमर सालों से सीधी नहीं हुई थी, अब हर सुबह क्लीनिक के बंद शटर के सामने तख्त पर बैठकर झाड़ू लगाते, जैसे गुप्ता जी आएंगे तो देखेंगे कि मोहल्ला उन्हें भूला नहीं। लोगों ने कहानियां सुनानी शुरू कर दी थीं, जैसे गुप्ता जी कोई डॉक्टर नहीं, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। "याद है, कैसे उन्होंने पप्पू के पित्त की गर्मी सिर्फ छातीकटोरी से कम कर दी थी?" "हां हां, और वो कमला बुआ का दमा, जिस पर दवा ने नहीं, गुप्ता जी की मुस्कान ने असर किया था।" बच्चों ने तो अपने स्कूल प्रोजेक्ट में गुप्ता जी को 'लोकल हीरो' घोषित कर दिया था – एक ने तो पोस्टर बनायाः "अवर ऐरन मैन विथाउट ऐरन टेबलेट्स." मोहल्ले की दीवारों पर किसी ने चॉक से लिखा – "गुप्ता जी अमर रहें।" और नीचे किसी ने जोड़ दिया – "कम से कम हमारी यादों में।" गुप्ता जी अब भी उसी मोहल्ले में रहते थे, लेकिन जैसे कोई परछाई हो जो दिन में दिखती नहीं, रात में डराती है। वह रोज़ अपनी खिड़की से बाहर झांकते और सोचते – "क्या पर्चियाँ भी गुनाह हो गईं?" उनकी आंखों में वो सवाल था जो हर बुजुर्ग बाप की आंखों में होता है – "क्या मैंने सच में कुछ गलत किया?" एक दिन किसी ने उन्हें रोते देखा – "मैंने तो लोगों की तिजोरी नहीं, तकलीफें हल्की की थीं।" लेकिन ये बयान किसी प्रेस नोट में नहीं छपा। मोहल्ले के अखबार में अब हेल्थ टिप्स तो छपते थे, लेकिन गुप्ता जी की टीप वाली हँसी नहीं। और फिर आई वो खबर -गुप्ता जी को सरकारी नोटिस मिला कि उनकी क्लीनिक लाइसेंस के अभाव में स्थायी रूप से बंद मानी जाएगी। जिस दिन उन्होंने वो चिट्ठी पढ़ी, मोहल्ले के पेड़ों से भी पत्ते नहीं गिरे। जैसे खुद प्रकृति को भी शर्म आ गई हो। गुप्ता जी ने मुस्कराकर कहा - "अब तो शायद मेरा इलाज सिर्फ ऊपर वाला ही करेगा।" लोगों ने उनके लिए एक अंतिम विदाई जैसी सभा की – जिसमें सब रोए, कुछ फूट-फूटकर और कुछ भीतर-भीतर। वहीं किसी ने धीरे से कहा – "सच में, वो डॉक्टर नहीं, मोहल्ले का संत था – जिसके पास स्टेथोस्कोप नहीं, संवेदना थी।" अब जब कोई बीमार होता है, तो लोग कहते हैं – "चलो सरकारी अस्पताल चलते हैं लेकिन गुप्ता जी होते तो..." और फिर वाक्य वहीं टूट जाता है, जैसे कोई अधूरी चिट्ठी जिसमें पता लिखा हो, मगर नाम मिटा हो। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# नेत्रदान : आपका अंतिम उपहार – किसी की पहली रोशनी

10 जून: विश्व नेत्रदान दिवस

जब जीवन की अंतिम साँसें गिनती शुरू होती हैं, तब भी किसी और के जीवन में उजाला भरने का संकल्प लेना इंसान को साधारण से असाधारण बना देता है। नेत्रदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जो न केवल हमारे जीवन को सार्थकता प्रदान करता है, बल्कि किसी अंधेरी दुनिया में रोशनी की किरण बनकर किसी और का जीवन संवार देता है। विश्व नेत्रदान दिवस, जो हर साल 10 जून को मनाया जाता है, हमें यह अवसर देता है कि हम अपनी आँखों से केवल अपनी दुनिया को ही नहीं, बल्कि किसी और की दुनिया को भी रंगों से भर दें। यह एक ऐसा मौका है, जो हमें याद दिलाता है कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा किसी को देखने की शक्ति देना है।

भारत में नेत्रहीनता एक गंभीर समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, भारत में लगभग 1.2 करोड़ लोग कॉर्नियल ब्लाइंडनेस से पीड़ित हैं, और इनमें से करीब 20 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि प्रदान की जा सकती है। नेशनल प्रोग्राम फॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एंड विजुअल इम्पेयरमेंट (एनपीसीबी&वीआई) के आँकड़ों के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष केवल 50,000 से 60,000 नेत्रदान होते हैं, जबकि आवश्यकता 1 लाख से अधिक कॉर्निया की है। इस कमी का प्रमुख कारण है जागरूकता की कमी, सामाजिक मिथक, और नेत्रदान की प्रक्रिया के प्रति भय। कई लोग यह मानते हैं कि नेत्रदान से मृत शरीर की शक्ल बिगड़ जाती है या यह धार्मिक मान्यताओं के खिलाफ है। लेकिन सच्चाई यह है कि नेत्रदान एक सरल, सुरक्षित और मानवीय प्रक्रिया है, जो किसी की भी धार्मिक या सांस्कृतिक भावनाओं का उल्लंघन नहीं करती।

नेत्रदान मृत्यु के बाद किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जो कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाता है। मृत्यु के 6 से 8 घंटों के भीतर कॉर्निया निकाल लिया जाता है, जो आँख का वह पारदर्शी हिस्सा है, जो प्रकाश को केंद्रित करता है। यह प्रक्रिया इतनी सूक्ष्म होती है कि मृत व्यक्ति के चेहरे की सामान्य पहचान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। राष्ट्रीय नेत्र बैंक और अन्य प्रमाणित संस्थानों ने इस प्रक्रिया को और भी विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से, नेत्रदान के लिए कोई आयु सीमा नहीं है। एक नवजात शिशु से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्ग तक, कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। यहाँ तक कि चश्मा पहनने वाले, मधुमेह या उच्च रक्तचाप से पीड़ित लोग भी नेत्रदान के लिए पात्र हैं, बशर्ते उनकी कॉर्निया स्वस्थ हो। कैंसर, एचआईवी, या कुछ संक्रामक रोगों को छोड़कर, अधिकांश लोग इस पुण्य कार्य का हिस्सा बन सकते हैं।

नेत्रदान की प्रक्रिया को समझना भी आवश्यक है। जब कोई व्यक्ति नेत्रदान का संकल्प लेता है, तो उसका पंजीकरण निकटतम नेत्र बैंक में किया जाता है। मृत्यु के बाद, परिवार के सदस्यों को तुरंत नेत्र बैंक को सूचित करना होता है। विशेषज्ञों की टीम कॉर्निया को सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से निकालती है। इसके बाद, कॉर्निया को नेत्र प्रत्यारोपण के लिए उपयुक्त मरीजों तक पहुँचाया जाता है। भारत में कई नेत्र बैंक, जैसे दिल्ली का डॉ. राजेंद्र प्रसाद सेंटर फॉर ऑफ्थैल्मिक साइंसेज और चेन्नई का शंकर नेत्रालय, इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। ये संस्थान न केवल नेत्रदान को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि दान की गई कॉर्निया जरूरतमंद तक समय पर पहुँचे। नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होना होगा। स्कूलों और कॉलेजों में नेत्रदान पर कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए। धार्मिक नेताओं को आगे आकर मिथकों को तोड़ना चाहिए, क्योंकि कोई भी धर्म मानवता की सेवा के खिलाफ नहीं है। मीडिया और सोशल मीडिया भी इस मुहिम को गति दे सकते हैं। हाल के वर्षों में, कई बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज ने नेत्रदान को बढ़ावा देने का प्रयास किया है, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। फिर भी, हमें स्थानीय स्तर पर, गाँवों और कस्बों में, इस संदेश को पहुँचाने की आवश्यकता है। पंचायतें, सामुदायिक केंद्र, और स्थानीय चिकित्सा संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कल्पना कीजिए कि आपके दान किए गए नेत्रों से कोई बच्चा पहली बार अपनी माँ का चेहरा देखता है। कोई छात्र अपनी किताबों के अक्षरों को पढ़ पाता है। कोई माता-पिता अपने बच्चों के साथ फिर से रंगों की दुनिया में लौट आता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्या दिन थे , हर भोर में, छम छम की अनुगूँज।
पूरे घर में गूंजती, माँ के पग की गूँज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# अध्यात्म-जीवन की शुरुआत से ही क्यों जरूरी है?

हमारे समाज में एक ग़लत धारणा गहराई से बैठी हुई है-कि "अभी तो ज़िंदगी जीनी है, आध्यात्मिक तो बुज़ुर्ग लोग होते हैं।" अक्सर लोग सोचते हैं कि अध्यात्म का मतलब होता है 60 की उम्र के बाद भगवान का नाम लेना, पूजा-पाठ में समय बिताना, और जीवन से धीरे-धीरे दूर हट जाना। लेकिन अगर हम थोड़ा रुककर सोचें, तो यह सोच कितनी अधूरी और गलत दिशा में ले जाने वाली है।

जरा सोचे गीता क्यों अर्जुन को सुनाई गई थी? भगवद गीता — जो आध्यात्म का गूढ़तम ज्ञान है — वो किसी संत या सन्यासी को नहीं, बल्कि अर्जुन जैसे युवा, योद्धा, और ज़िम्मेदार व्यक्ति को सुनाई गई थी। अर्जुन को भागना नहीं, बल्कि युद्ध करना था। परिवार चलाना था, राज्य संभालना था, कर्तव्य निभाना था। इससे बड़ा प्रमाण क्या चाहिए कि अध्यात्म का संबंध जीवन से जुड़ने से है, जीवन से भागने से नहीं।

**फिर हम अध्यात्म को जीवन के आख़िरी मोड़ तक क्यों टालते हैं?**

क्योंकि हमें सिखाया ही नहीं गया कि अध्यात्म का मतलब पूजा-पाठ और कर्मकांड नहीं होता। हमें बचपन से सिर्फ यही बताया गया कि "बड़े होकर भगवान को याद करना है।"

पर सच तो यह है कि भगवान को, या कहें — अपने आप को — बचपन से ही जानना चाहिए।

**अध्यात्म का अर्थ हैः मैं कौन हूँ?**

मुझे क्या करना चाहिए? इस जीवन का उद्देश्य क्या है? सही और गलत में अंतर कैसे समझूं?

जब ये सवाल किसी 18 साल के युवा के दिमाग में आते हैं और उन्हें सही जवाब नहीं मिलता, तो वह या तो भटक जाता है या फिर बाहरी दिखावे में फंस जाता है, अगर उसको शुरू से सही नॉलेज दिया जाएगा तो वह कभी नहीं भटकेंगे और अपने हर फैसला बहुत ही समझदारी से लेगा।

**क्या पूजा-पाठ ही अध्यात्म है?**

नहीं पूजा एक साधना हो सकती है, लेकिन वह अध्यात्म का केवल एक हिस्सा है। असली अध्यात्म है - सच को जानना और उसे जीना। मतलब, ज़िंदगी की हर चीज़ को उसकी सही जगह देना। पैसा कमाना ज़रूरी है, पर पैसे के पीछे भाग जाना नहीं। रिश्ते बनाना ज़रूरी है, पर उन्हें ईमानदारी और समझदारी से निभाना और भी ज़रूरी है।

**अध्यात्म से क्या फ़ायदा?**

जब कोई व्यक्ति अध्यात्म से जुड़ता है तो उसके फ़ैसले अधिक साफ़ और सटीक होते हैं,

वह अपने रिश्तों को अधिक समझदारी और प्रेम से निभाता है, वह छोटी-छोटी बातों में नहीं उलझता, और हर परिस्थिति में संतुलित रहता है।

अध्यात्म कोई बोझ नहीं है, बल्कि यह जीवन को हल्का, सरल और स्पष्ट बना देता है। यह एक आंतरिक GPS की तरह होता है, जो हर मोड़ पर दिशा देता है। अध्यात्मः ज़िंदगी से भागना नहीं, ज़िंदगी को समझना है हमने आध्यात्मिकता को साधु-संतों के कपड़ों में लपेट दिया है, जबकि असल में यह हर उस इंसान की ज़रूरत है जो रोज़ निर्णय लेता है, रिश्ते निभाता है, संघर्ष करता है।

जंगल जाकर बैठना जरूरी नहीं, आप जहां रह रहे हैं उसे स्थिति में रहते हुए शांति और संतुलन बनाए रखना असली साधना है।

**युवाओं को क्यों अपनाना चाहिए अध्यात्म?**

आज का युवा हर तरफ़ से दबाव में है - करियर का, रिश्तों का, समाज की अपेक्षाओं का। अगर उसे बचपन से ही अपने भीतर झांकना सिखाया जाए, तो वह केवल सफल ही नहीं, सुखी भी बनेगा। अगर माता-पिता अपने बच्चों को शुरू से ही आत्मबोध, सेवा, कर्मयोग, और जीवन के गहरे सवालों के प्रति संवेदनशील बनाएं - तो अगली पीढ़ी ज्यादा स्पष्ट, मजबूत और दयालु होगी। अध्यात्म कोई देर से अपनाने वाली चीज़ नहीं है। यह एक बीज है, जो जितनी जल्दी बोया जाए, उतना सुंदर जीवन का वृक्ष बनता है।

अब समय आ गया है कि हम अध्यात्म को केवल माला-जप या पूजा तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने बच्चों, युवाओं और खुद की ज़िंदगी में शुरू से उतारें। जैसे स्कूल में पढ़ाई कराई जाती है वैसे घर में शुरू से ही सार्थक जीवन जीने के लिए सही चीजों का बताने के लिए आध्यात्मिक जरूरी है। ताकि हम सिर्फ सफल न बनें — बल्कि सार्थक बनें।

(veenavlogs@gmail.com)

अलग बात



**वीणा देवांगन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# राजीव घई को नई जिम्मेदारी, बने सेना के रणनीतिक उप प्रमुख



**एजेंसी। नई दिल्ली**

'ऑपरेशन सिंदूर' में सफल भूमिका निभाने वाले भारतीय सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को पदोन्नति दी गई है। सोमवार को उनकी पदोन्नति की जानकारी सामने आई।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को अब भारतीय सेना का उप सेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। बतौर उप सेना प्रमुख वह रणनीति मामलों को देखेंगे। उप सेना प्रमुख बनने के बावजूद लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई पूर्व की भांति फिलहाल डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन यानी डीजीएमओ का कार्यभार भी संभालते रहेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, उप सेना प्रमुख (रणनीति) के पद पर पदोन्नत किए गए हैं। दरअसल, भारतीय सेना में यह एक महत्वपूर्ण पद है। सेना के सभी ऑपरेशनल कार्यक्षेत्र, उप सेना प्रमुख (रणनीति) के कार्यालय को रिपोर्ट करते हैं। वहीं, भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य स्तर पर होने वाली बातचीत का नेतृत्व डीजीएमओ द्वारा किया जाता है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान में और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित विभिन्न आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने हमला किया था, जिसमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर हमले किए, जिसका मुंह तोड़ जवाब भारतीय सेना ने दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कई एयरबेस व एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट कर दिए। इसके बाद पाकिस्तान ने युद्ध विराम की मांग की।

सेना के मुताबिक, इस बात पर सहमति हुई कि दोनों पक्ष यानी भारत और पाकिस्तान सीमाओं और अग्रिम क्षेत्रों से सैनिकों की संख्या में कमी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपायों पर विचार करें।

### भारत-पाक डीजीएमओ वार्ता सीमा पर शांति की सहमति

पाकिस्तानी सेना के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस ने भारतीय डीजीएमओ से संपर्क किया। दोनों के बीच यह वार्ता हॉटलाइन पर हुई थी। बीते महीने हुई इस वार्ता में पाकिस्तान ने कहा था कि वह सीमा पार से एक भी गोली नहीं चलाएगा। वार्ता में कहा गया कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए। एक-दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई शुरू नहीं करनी चाहिए।

# पाक के लिए जासूसी करने वाली ज्योति मल्होत्रा को नहीं मिली राहत

## न्यायिक हिरासत 23 जून तक बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को हरियाणा के हिसार की एक अदालत ने एक बार फिर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उनके मामले की सुनवाई 23 जून को फिर होगी। यह दूसरी बार है जब उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इससे पहले 26 मई को उन्हें चार दिन की पुलिस रिमांड पर रहने के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। पिछले सप्ताह, एक अन्य यूट्यूबर जसबीर सिंह को पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान समर्थित जासूसी नेटवर्क में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जसबीर कथित तौर पर ज्योति के नियमित संपर्क में था। पंजाब पुलिस के अनुसार, जसबीर सिंह पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी शाकिर उर्फ जट्ट रंधावा से निकटता से जुड़ा हुआ था, जो भारतीय मूल का व्यक्ति है और जिसके बारे में संदेह है कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए काम कर रहा है। सिंह, हरियाणा की ज्योति मल्होत्रा के कथित तौर पर निकट संपर्क में था, जिसे पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पंजाब पुलिस ने सिंह की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि बल ने एक 'आतंकवाद समर्थित जासूसी नेटवर्क' का पता लगाया है, जो आरोपी को पाकिस्तानी खुफिया और सेना के अधिकारियों से जोड़ता है।

# दिलीप जायसवाल बोले, राजद राजनीतिक रोटी सेंक रही है

**पटना (आईएएनएस)**



बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के आरक्षण को 65 प्रतिशत बढ़ाने की मांग को लेकर दिए गए बयान पर जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र में 65 साल और बिहार में 15 साल शासन के दौरान राजद और कांग्रेस ने आरक्षण को लेकर कुछ नहीं किया और अब ये इस पर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाने का काम भी नीतीश कुमार की सरकार ने किया है और मामला कोर्ट में है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने काका कालेलकर की रिपोर्ट को 30 सालों तक ठंडे बस्ते में डाल दिया। इन लोगों को शर्म नहीं आती है। ये दोहरा चरित्र रखते हैं। आरक्षण का फैसला नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की सरकार ने लिया और अब यह रोटी सेंकना चाहते हैं। भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार की जनता जानती है कि यह वही लालू यादव हैं, जिन्होंने 15 साल बिहार की सत्ता में रहने के बाद भी आरक्षण का कोई काम नहीं किया। नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद पिछड़ा आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

# न्यायालय ने भावनाओं को संयमित रखने का निर्देश दिया

**इलाहाबाद । एजेंसी**



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आरोपी अजीत यादव के खिलाफ दर्ज की गयी प्राथमिकी रद्द करने से मना कर दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलील दी कि कथित पोस्ट भावनाओं में बहकर किया गया है। इस पर न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की खंडपीठ ने कहा, "प्रधानमंत्री के खिलाफ याचिकाकर्ता के पोस्ट में सरकार के मुखिया के खिलाफ अपमानजनक का प्रयोग किया गया है। अदालत ने तीन जून को दिये निर्णय में कहा, "भावनाओं को इस हद तक नहीं बहने दिया जा सकता कि इस देश के संवैधानिक अधिकारियों के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर उन्हें बदनाम किया जाए। यह संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत अधिकार का प्रयोग कर प्राथमिकी में हस्तक्षेप करने का उचित मामला नहीं है, इसलिए इस याचिका को खारिज किया जाता है। याचिकाकर्ता अजीत यादव ने फेसबुक पर कथित रूप से तीन पोस्ट किये थे।

## महिलाओं और पिछड़ों के लिए समर्पित सरकार

# पीएम के 11 सालों को सुनहरे अक्षरों में लिखा जाना चाहिए : जेपी नड्डा

- **पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना :** 2014 से पहले की सरकारों को बताया भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरा हुआ दौर
- **गरीबी में गिरावट :** 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर, अति गरीबी में 80% की कमी आई
- **ऐतिहासिक फैसले :** अनुच्छेद 370 हटाया, तीन तलाक समाप्त, नया वक्फ अधिनियम और सीएए लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एनडीए सरकार के 11 साल की खूबियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े और इसमें कामयाब भी हुए। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जेपी नड्डा ने कहा, "पीएम मोदी के नेतृत्व में 11 साल तक विकसित भारत और अमृत काल के लिए जो काम किया गया, उसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाना चाहिए। क्योंकि किए गए काम अकल्पनीय और अद्वितीय हैं और हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि पीएम मोदी ने देश की राजनीति की संस्कृति को किस तरह से बदला है।"जेपी नड्डा ने पूर्व की सरकारों की खामियां गिनाते हुए कहा, "2014 से पहले पिछली सरकार भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरी हुई थी। लेकिन 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में यह भावना बदल गई। अब लोग गर्व से कहते हैं, मोदी है तो मुमकिन है। हम गरीबी हटाओ का नारा लेकर नहीं चले हैं, हमने गरीब कल्याण करके दिखाया है। आंकड़े इस बात का सबूत हैं। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। इसी तरीके से अति गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है।"केंद्रीय मंत्री के अनुसार उपलब्धियां इतनी ज्यादा हैं कि एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसे समेटना नामुमकिन है।

बोले, "11 साल के शासन का पूरा लेखा-जोखा पेश करना मुश्किल है, लेकिन हमारी सरकार ने लगातार राष्ट्रहित में साहसिक और ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। कुछ उदाहरण लें तो हमने अनुच्छेद 370 को हटाया और तीन तलाक को खत्म किया। हमने नया वक्फ अधिनियम बनाया और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पारित किया। हमने विधायी निकायों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण भी सुनिश्चित किया।



### गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं राहुल : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि वे (राहुल) गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं। भगवान उनको सद्बुद्धि दें। सोमवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने भारत की विदेश नीति और ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस नेता की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के उद्देश्य को समझना बहुत मुश्किल है। जब वे सर्वदलीय बैठक में जाते हैं तो कहते हैं कि वे देश के साथ खड़े हैं, लेकिन जब वे बाहर निकलते हैं तो वे सवाल उठाने लगते हैं, ऐसे सवाल जो पूरी तरह से निराधार हैं। इसलिए वे एक गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने कहा कि जितना जनसंवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं, उतना जयराम रमेश ने जीवन में बात नहीं की होगी। कांग्रेस के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवाल पर नड्डा ने कहा कि जब वे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जीतते हैं तो सब ठीक रहता है और हारते हैं तो सब खराब हो जाता है। कांग्रेस की तो यह आदत बन गई है। चार प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ही विषय पर अलग-अलग आंकड़े ले कर आते हैं। कांग्रेस को अपने विषय में सोचना चाहिए। अपने नेतृत्व पर विचार करना चाहिए।

# देशभर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6 हजार पार

## पिछले 24 घंटों में छह की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**



देश में तेजी से फैल रहे कोरोना ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अलर्ट पर है। मंत्रालय के मुताबिक, आज 8:00 बजे तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6133 हो गई है । पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 379 नए मरीज आए और छह मरीजों की मौत हुई है। मृतकों में दो कर्नाटक, तीन केरल और एक तमिलनाडु का व्यक्ति है ।

केरल में सक्रिय मामलों की संख्या सबसे अधिक 1950, फिर गुजरात जहां 822 से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इसके बाद दिल्ली, जहां 686 सक्रिय मामले रिपोर्ट किए गए है। इसका कारण कोराना के वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 को बताया जा रहा है। जेएन.1 अभी भी प्रमुख स्ट्रेन बना हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर स्वच्छता बनाए रखने की चेतावनी दी है। जिन वयस्कों को पहले से ही कोई बीमारी है उनमें वायरस का खतरा अधिक हो सकता है।

# गुजरात हाईकोर्ट को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की मिली धमकी

## तनाव के बीच सर्च ऑपरेशन जारी

**अहमदाबाद । एजेंसी**

गुजरात उच्च न्यायालय ने 9 जून को दोपहर के भोजन के बाद काम करना बंद कर दिया। न्यायालय की रजिस्ट्री को कथित तौर पर ईमेल के माध्यम से एक गुमनाम बम की धमकी मिली थी। रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया है कि अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण, दोपहर 1.45 बजे के बाद न्यायालयों के कामकाज को बंद करने का निर्णय लिया गया है। नोटिस में कहा गया कि न्यायालयों से अनुरोध किया जाता है कि वे वकीलों को बताएं कि वे दोपहर के भोजन के बाद काम नहीं कर रहे हैं और साथ ही सभी को जल्द से जल्द परिसर छोड़ना होगा, क्योंकि पूरे न्यायालय परिसर की सुरक्षा जांच की आवश्यकता है। धमकी के बाद, सुरक्षा बढ़ा दी गई है, अदालत के द्वार सील कर दिए गए हैं और उच्च न्यायालय परिसर में बम निरोधक दस्ते के साथ-साथ डॉग स्क्वायड और पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगें। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला :** खान-पान में सावधानी रखें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही।

**धनु :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य कर।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार- दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

# संविधान के हर पन्ने पर तानाशाही की स्याही रगड़ने में गंवाए 11 साल : खड़गे

**नई दिल्ली । एजेंसी**



कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार ने पिछले 11 वर्षों में देश के लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा झटका दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि सरकार ने इन 11 वर्षों में संविधान के हर पन्ने पर केवल "तानाशाही की स्याही पोत दी है"। खड़गे ने एक्स पर लिखा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारतीय लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने को गहरा आघात पहुँचाया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि बीजेपी-आरएसएस ने हर संवैधानिक संस्था को कमज़ोर कर, उनकी स्वायत्तता पर कड़ा प्रहार किया। चाहे वो जनमत चुराकर पिछले दरवाज़े से सरकारें गिराना हो या एक-दलीय तानाशाही शासन जबरन लागू करना हो। इस दौरान, राज्यों के हकों की अनदेखी हुई है और संघीय ढांचे कमज़ोर हुए। उन्होंने कहा कि समाज में नफ़रत, धमकी और डर का वातावरण फैलाने की कोशिश लगातार जारी है। दलित, आदिवासी, पिछड़े, अल्पसंख्यक व कमज़ोर वर्गों का शोषण लगातार बढ़ा है। इनके आरक्षण व बराबरी के अधिकार से वंचित रखने की साजिश जारी है। मणिपुर की ना थमने वाली हिंसा भाजपा की प्रशासनिक विफलता का सबसे बड़ा सबूत है। कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा कि बीजेपी-आरएसएस ने देश के जीडीपी विकास दर को 5-6% की आदत डाल दी, जो यूपीएम के दौरान 8% औसतन हुआ करता था। सालाना 2 करोड़ नौकरियों का वादा के बजाय युवाओं से करोड़ों नौकरियां छीनी।

## पुडुचेरी विधानसभा कागज रहित विधायी कामकाज सेवा नेवा प्लेटफॉर्म से जुड़ा

# एक राष्ट्र, एक आवेदन की दिशा में बड़ा कदम है राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन नेवा : डॉ एल मुरुगन

**ब्यूरो**




**दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन ने 09 जून को पुडुचेरी विधानसभा के लिए राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) का उद्घाटन किया। यह पारदर्शी, कुशल और पर्यावरण के अनुकूल शासन की दिशा में एक बड़ा कदम है। उद्घाटन समारोह में पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कैलाशनाथन, पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी, पुडुचेरी विधानसभा के अध्यक्ष आर सेल्वम भी मौजूद थे। इस लॉन्च के साथ, पुडुचेरी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप नेवा प्लेटफॉर्म को अपनाने वाला देश का 19वां विधानमंडल बन गया है। यह पहल, जो कागज रहित विधायी कामकाज को सक्षम बनाती है, संसदीय मामलों के मंत्रालय द्वारा 100% केंद्रीय सहायता के माध्यम से वित्त पोषित है।सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने कहा, "नेवा एक परिवर्तनकारी पहल है जो विधायी कार्यवाही तक वास्तविक समय में पहुँच सुनिश्चित करती है और हमारे लोकतंत्र को मजबूत करती है। यह 'एक राष्ट्र, एक आवेदन' के सिद्धांत को दर्शाता है, साथ ही 'एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड' और प्रस्तावित 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' जैसे ऐतिहासिक सुधारों को भी दर्शाता है। जनता को यह जानने और देखने का अधिकार है कि कानून कैसे बनाए जाते हैं।" मंत्री ने पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक की प्रमुख उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला, जिनमें शामिल हैं- भारत डिजिटल लेन-देन में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से कल्याण का कुशल वितरण, आत्मनिर्भर भारत के तहत तकनीकी प्रगति, जिसके परिणामस्वरूप रक्षा आयात में 50% की कमी आई है। उन्होंने भारत के विकास को गति देने वाले दो मुख्य स्तंभों के रूप में बुनियादी ढांचे के विकास और सामाजिक पूंजी को रेखांकित किया और 2047 तक भारत के विकसित भारत बनने की यात्रा में विश्वास व्यक्त किया। पुडुचेरी के उपराज्यपाल ने नेवा के शुभारंभ को एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह न केवल विधायी कामकाज को डिजिटल बनाता है बल्कि कार्यवाही की लाइव-स्ट्रीमिंग भी सक्षम बनाता है, जिससे अधिक सार्वजनिक पहुंच और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि इस कदम से डिजिटल इंडिया, गो ग्रीन और सुशासन का समर्थन करते हुए सालाना 3-5 टन कागज की बचत होगी। अधिकारियों ने विधायकों और कर्मचारियों को नेवा की विशेषताओं के बारे में प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। एप्लिकेशन के सुचारू कार्यान्वयन के लिए जागरूकता अभियान और क्षमता निर्माण सत्र आयोजित किए जाएंगे। नेवा डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत एक मिशन मोड परियोजना है, जिसका उद्देश्य सभी विधायिकाओं को कागज रहित, कुशल और नागरिक-केंद्रित विधायी कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है।

## बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर | श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हुए सहज और सुरक्षित दर्शन का अनुभव मिला

# भक्तों को मिला श्रद्धा, और संरचना का अद्भुत संगम

- **मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि अधिग्रहित की जाएगी**

**मथुरा । एजेंसी**



बांके बिहारी मंदिर की बहुप्रतीक्षित कॉरिडोर परियोजना अब मूर्त रूप लेने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद योगी सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस कॉरिडोर के निर्माण का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सहज, सुरक्षित और गरिमामय तरीके से भगवान बांके बिहारी के दर्शन कराने के साथ-साथ मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था और भीड़-भाड़ की समस्याओं को दूर करना है। कॉरिडोर के निर्माण के बाद मंदिर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब अव्यवस्थाओं से जूझना नहीं पड़ेगा। कॉरिडोर में श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल, विश्राम स्थल, स्वच्छ शौचालय, चिकित्सा केंद्र, लॉकर, प्रसाद वितरण और सुरक्षा व्यवस्था जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। यह परियोजना श्रद्धा और संरचना का एक अनुपम संगम बनकर उभरेगी। इनके अलावा, बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण अतीत में कई बार भगदड़ जैसी घटनाएं घट चुकी हैं। नई कॉरिडोर व्यवस्था से यह खतरा काफी हद तक समाप्त हो जाएगा और दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम व सुव्यवस्थित होगी। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बांके बिहारी मंदिर के सेवायतों (गोस्वामी समाज) के पारंपरिक अधिकार, सेवाएं और धार्मिक परंपराएं यथावत बनी रहेंगी। सरकार केवल बाह्य विकास कार्य करेगी, मंदिर की धार्मिक व्यवस्था में कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि 1939 से बांके बिहारी मंदिर में सिविल कोर्ट द्वारा रिसीवर नियुक्त किया गया है, इसके बावजूद मंदिर क्षेत्र में व्याप्त अव्यवस्था को पूरी तरह नियंत्रित नहीं किया जा सका है।

### परियोजना में मुआवजे का आश्वासन

ई कॉरिडोर परियोजना इन समस्याओं का समाधान लेकर आएगी, कॉरिडोर निर्माण के दौरान यदि किसी की दुकान या मकान प्रभावित होता है, तो राज्य सरकार ने यह आश्वासन दिया है कि उन्हें दुकान के बदले दुकान और मकान के बदले मुआवजा अथवा वैकल्पिक व्यवस्था दी जाएगी। इस तरह, परियोजना में कोई सामाजिक असंतोष न उत्पन्न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा।कॉरिडोर निर्माण के बाद यहां आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में चार गुना तक वृद्धि की संभावना जताई जा रही है।

## सिंगापुर के कंटेनर पोत में विस्फोट के बाद आग लगी चालक दल के 4 लापता



● आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कोलंबो बंदरगाह से मुंबई के न्हावा शेवा की ओर जा रहे सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत वान हाई 503 में सोमवार सुबह कोच्चि में बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर विस्फोट के बाद आग लग गई। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया है, जबकि 04 सदस्य लापता हैं। जहाज फिलहाल पानी में है, लेकिन आईसीजी ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया है। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि सिंगापुर के ध्वज वाला कंटेनर पोत वान हाई 503 श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से 06 जून को रवाना हुआ था, जिसे 09 जून को मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचना था। इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे जहाज ने आज सुबह लगभग 09.30 बजे डेक के नीचे विस्फोट होने और बाद में आग लगने की सूचना दी।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार स्टॉकहोम में अंतरराष्ट्रीय आईडिया सम्मेलन में देंगे भाषण

**स्टॉकहोम/नई दिल्ली।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार 10 से 12 जून, 2025 को चुनावी सत्यनिष्ठा पर आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन सहायता संस्थान-आईडीईए स्टॉकहोम सम्मेलन में भाग लेने के लिए स्वीडन की यात्रा पर हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) और विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिकों (ओसीआई) के साथ निर्वाचन आयोग की समावेशी भागीदारी और नागरिक जुड़ाव पर ध्यान केंद्रित करने की बात दोहराई। उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डाक मतपत्र प्रेषण प्रणाली- ईटीपीबीएमएस जैसी पहल का उल्लेख किया जिसका उद्देश्य विदेश में रहने वाले मतदाताओं की अधिक चुनावी भागीदारी को सक्षम बनाना है।

## अमेरिकी एयर बेस के पास विस्फोट में चार जापानी रक्षा बल के सदस्य घायल

**टोक्यो (आईएएनएस)।** दक्षिणी जापान के ओकिनावा प्रांत में अमेरिकी सेना के कडेना एयरबेस के पास सोमवार को हुए विस्फोट में जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) के चार सदस्य घायल हो गए। जापानी मीडिया के अनुसार, यह जानकारी सामने आई है। स्थानीय अधिकारियों और रक्षा मंत्रालय के अनुसार आत्मरक्षा बल (एसडीएफ) के कर्मी डिपो में कार्यरत थे। स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11:20 बजे अग्निशमन विभाग को एसडीएफ (सेल्फ डिफेंस फोर्स) द्वारा संचालित प्लांट में विस्फोट की सूचना मिली, जब कर्मचारी बम निरोधक अभियान की तैयारी कर रहे थे।

## आईसीसी न्यायाधीशों पर प्रतिबंध लगाने का मामला, ईरान ने अमेरिकी फैसले की निंदा की

**तेहरान (आईएएनएस)।** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघेई ने अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के न्यायाधीशों पर प्रतिबंध लगाने के अमेरिका के हाल में लिए गए फैसले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की विदेश नीति का 'नया निम्न स्तर' है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एस्माईल बाघेई ने लिखा, "अमेरिका ने आईसीसी जजों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का फैसला न्यायाधिकरण के उस फैसले के बाद लिया जिसमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। बाघेई ने कहा कि अमेरिकी सरकार के न्यायिक आदेश का पालन करने के लिए आईसीसी के न्यायाधीशों और कार्मिकों पर प्रतिबंध लगाने और उन्हें परेशान करने की कार्रवाई निम्न स्तर की है।

### मोदी सरकार के 11 साल, नितिन गडकरी बोले

# आज भारत का सड़क ढांचा कई मामलों में अमेरिका से बेहतर है

**22000** करोड़ रुपये की लागत से बुद्ध सर्किट तैयार किया गया है, जिससे पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है

**12000** करोड़ रुपये की लागत से केदारनाथ तक रोपवे निर्माण किया जा रहा है, जिससे तीर्थयात्रा सुगम होगी

**नई दिल्ली । एजेंसी**

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का सपना है कि भारत विश्व गुरु बने, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बने और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बने। इस सपने को पूरा करने के लिए हमें निर्यात बढ़ाना होगा, तभी कृषि, सेवा और औद्योगिक क्षेत्रों में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सबसे बड़ी समस्या यह थी कि हमारे देश की लॉजिस्टिक्स लागत 16% थी, चीन 8% पर था, अमेरिका और अन्य यूरोपीय देश 12% पर थे। गडकरी ने दावा किया कि अब हमने जिस तरह की सड़कें बनाई हैं, उससे हमारी लॉजिस्टिक्स लागत 6% कम हुई है और अगले साल तक हम 9% पर आ जाएंगे... हमारा निर्यात बढ़ेगा, हम और अधिक प्रतिस्पर्धी बनेंगे और हमारा देश विश्व गुरु बनेगा। उन्होंने कहा कि हम 25 ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रहे हैं, पोर्ट कनेक्टिविटी के लिए 3,000 किलोमीटर से ज्यादा हाईवे बना रहे हैं और धार्मिक पर्यटन के लिए हमने 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बनाए हैं और इसके अलावा हम 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बना रहे हैं। हमने 22,000 करोड़ रुपये में बुद्ध सर्किट तैयार किया है। जब लोग दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर, जापान से भगवान गौतम बुद्ध की जन्मस्थली पर आते हैं, तो वे कई जगहों पर जाना चाहते हैं और पर्यटन भी बढ़ा है। भाजपा नेता ने कहा कि चार धाम- बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, इसका ट्रैफिक तीन गुना बढ़ गया है। अब हम केदारनाथ तक रोपवे बना रहे हैं, यह भी 12,000 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि आज अगर आप मनाली से रोहतांग दर्रे की ओर निकलेंगे तो अटल टनल से 8 मिनट में पहुंचा जा सकेगा, जबकि पहले 3.5 घंटे लगते थे... हम श्रीनगर से जम्मू के बीच 36 सुरंगें बना रहे हैं।

जिनमें से 23 पूरी हो चुकी हैं। 4-5 सुरंगें निर्माणाधीन हैं। दिल्ली से चेन्नई की 240 किलोमीटर की दूरी कम हो गई है। इससे कश्मीर से कन्याकुमारी जाने का हमारा बचपन का सपना पूरा हुआ है। हम दिल्ली में बहुत सारे हाईवे बना रहे हैं।

### 25 नए ग्रीन एक्सप्रेसवे से बदलेगा भारत का नक्शा



**36** सुरंगों का श्रीनगर से जम्मू के बीच निर्माण, जिनमें से 23 पूरी हो चुकी हैं और 4–5 अभी निर्माणाधीन हैं

गडकरी ने कहा कि हम दिल्ली में इतने राजमार्ग बना रहे हैं कि हम दिल्ली से देहरादून 2 घंटे में, दिल्ली से अमृतसर 3.5-4 घंटे में, दिल्ली से कटरा 6 घंटे में, दिल्ली से श्रीनगर 8 घंटे में, दिल्ली से जयपुर 2 घंटे में, चेन्नई से बेंगलुरु 2 घंटे में, बेंगलुरु से मैसूर 1 घंटे में, मेरठ से दिल्ली 50 मिनट में पहुंच जाएंगे। हम इस तरह के करीब 25 और ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे बना रहे हैं और मुझे लगता है कि इससे भारत का पूरा नक्शा बदल जाएगा... हम उत्तराखंड में केदारनाथ और हेमकुंड रोपवे बना रहे हैं... हम दिल्ली को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्याओं से मुक्त करने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से सड़कें बना रहे हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि पाइपलाइन में जो प्रोजेक्ट हैं, वे इतनी तेजी से चल रहे हैं कि दो साल के अंदर हमारा रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा हो जाएगा। मैं बिहार और उत्तर प्रदेश की सड़कों की बात कर रहा हूं... अमेरिका से कुछ लोग मेरे पास आए और गुस्सा हुए, उन्होंने कहा कि मैं गलत कह रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका से बेहतर है।

## सरकार 25 नई जगहों पर हाईवे बना रही है : गडकरी

**ब्यूरो**



● बुद्ध सर्किट बनने से गौतम बुद्ध के जन्म स्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, बुद्ध सर्किट से लेकर चार धाम यात्रा को लेकर कहा कि सरकार 25 नए ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे बना रही है। ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस हाईवे का मतलब है, एकदम नई जगह पर बनने वाले हाईवे। गडकरी ने कहा कि बंदरगाह को जोड़ने के लिए 3000 किलोमीटर से ज्यादा लंबे हाईवे बन रहे हैं।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमने पोर्ट कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन के लिए 3,000 किलोमीटर से ज़्यादा के हाईवे बनाए हैं। इसके अलावा, 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के हाईवे बन रहे हैं। नितिन गडकरी ने बुद्ध सर्किट के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सर्किट 22,000 करोड़ रुपये में पूरा हुआ है। बुद्ध सर्किट बनने से दक्षिण एशिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर और जापान से भगवान गौतम बुद्ध के जन्म स्थान आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। चार धाम यात्रा के बारे कहा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री में अब तीन गुना ज्यादा लोग आ रहे हैं। केदारनाथ के लिए 12,000 करोड़ रुपये की लागत से रोपवे (रज्जू मार्ग) भी बनाया जा रहा है। उत्तराखंड में कैलाश मानसरोवर को पिथौरागढ़ से जोड़ने वाली सड़क का 85-90% काम भी पूरा हो चुका है। इससे यात्रियों को बहुत सुविधा होगी।

## इजराइल के नेता प्रधानमंत्री नेतन्याहू से निराश, नेसेट को भंग करने की तैयारी

**तेल अवीव (हि.स.)।** इजरायल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय लिबरल मूवमेंट (लिकुड) के शीर्ष नेता बेंजामिन नेतन्याहू पर संकट के बादल गहराने लगे हैं। दक्षिण पंथी लिकुड के नेता को बुधवार को नेसेट में विरोधी दलों से अब तक की सबसे तगड़ी चुनौती मिल सकते हैं। इन दलों ने नेसेट को भंग करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपए का नोट बंद करने की मांग की



**ब्यूरो**

● नायडू आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए के सहयोगी हैं

**नई दिल्ली।** पांच सौ रुपये के नोट को लेकर तरह-तरह की खबरें आ रही हैं। हाल में एक वीडियो में यह दावा किया गया था कि सरकार 5सौ रू. के नोट बंद करने जा रही है। वैसे तो सरकार ने इसका खंडन किया है, लेकिन अब भाजपा की सहयोगी व आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने 500 रुपये का नोट बंद करने की मांग करके इसे और हवा दे दिया है।मालूम हो कि एन चंद्रबाबू नायडू तेलुगू देशम पार्टी के सर्वेसर्वा हैं और केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए के सहयोगी व भागीदार हैं। नायडू का कहना है कि सभी बड़े नोट बंद होने चाहिए, तभी हम भ्रष्टाचार से मुक्ति पा सकेंगे।नायडू ने इंडिया टुडे के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि केवल 100 रुपये और 200 रुपये से नीचे के नोट होने चाहिए।

500 रुपये के नोट को भी बंद करदिया जाना चाहिए। मालूम हो कि सरकार ने 2016 में नोटबंदी की घोषणा की थी। जिसके तहत 500 रुपये और 1000 रुपये के नोट बंद कर दिए गए थे। हालांकि बाद में 2000 व 500 रुपये के नए नोट जारी किए गए थे। उसके कुछ साल बाद अब तो 2000 रुपये के नोट को भी बंद किया जा चुका है , लेकिन 500 रुपये का नोट चल रहा है , जो फिलहाल मोदी राज में सबसे बड़ा नोट है और लोग इसे बैंक से निकालकर लेन - देन में ज़्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।यह जो नोट चलन में हैं , 200 रुपये , 100 रुपये , 50 रुपये, 20 रुपये, 10 रुपये, 2रूपये व 1रूपये के, उनमें सबसे ज्यादा 500 रुपये के ही नोट चल रहे हैं , जो कुल नोटों में 41% है।कीमत के हिसाब से 500 रुपये के नोट का हिस्सा 86% है।

यानी ज्यादातर लोग 500 रुपये के नोट का इस्तेमाल कर रहे हैं। दूसरी तरफ 20, 50, 100 और 200 रुपये के नोटों का कम इस्तेमाल हो रहा है। इसके बारे में कुछ अर्थशास्त्रियों व विपक्षी नेताओं का कहना है कि सरकार चाहती है कि लोग डिजिटल पेमेंट का ही इस्तेमाल करें । इसलिए बड़े नोट खत्म करने के लिए तरह -तरह के तर्क दे रही है। इसके लिए ये लोग वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण के हाल ही के उस बयान का भी हवाला दे रहे हैं , जिसमें मैडम ने कहा था कि सरकार छोटे नोटों और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि छोटे नोटों का ज्यादा इस्तेमाल हो।अब बताइए , किसी को शादी - ब्याह के लिए यदि 5 लाख या 10 लाख रुपये बैंक से निकालना हो, तो क्या वह 100 , 50 व 20 रुपये के नोटों के गट्ठर बोरा में लेकर ढोएगा?

## मास्क पहने लोगों को गिरफ्तार करो...

● अमेरिका में अब ट्रंप ने ये कौन सा आदेश दे दिया?

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों को मास्क पहने हुए प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है, क्योंकि आव्रजन दमन के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के बीच लॉस एंजिल्स में रविवार को तनाव बढ़ गया। ट्रम्प ने विरोध प्रदर्शनों में मास्क के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया, साथ ही लॉस एंजिल्स में दो दिनों की हिंसा और अशांति के बाद प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए नेशनल गार्ड, जो आमतौर पर राज्य के गवर्नरों के अधीन एक आरक्षित सैन्य बल होता है, की सराहना की। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने सोशल ट्रुथ प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि चेहरे पर मास्क पहने लोगों को तुरंत गिरफ्तार करें।

### मस्क-ट्रंप की फाइट के बाद अमेरिका में क्यों भड़क उठी हिंसा

## लांस एंजलिस में 33 सालों बाद उतरी सेना, आखिर ऐसा क्या हुआ?

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

क्या अमेरिका में सिविल वॉर जैसी स्थिति बन रही है। लांस एजलिंस की सड़कों पर नेशनल गार्ड, आंसू गैस, प्रदर्शन, आगजनी और उस पर राष्ट्रपति ट्रंप की चेतावनी। ये सिर्फ इमीग्रेशन का मामला है या अमेरिका में कुछ बड़ा पक रहा है। अमेरिका में इन दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के बीच टकराव देखने को मिल रहा है।

कभी ट्रंप के हर दिल अजीज कहे जाने वाले एलन मस्क अब ट्रंप के प्रमुख आलोचक हो गए हैं। दोनों के बीच जुबानी जंग भी सोशल मीडिया में देखने को मिली। लगातार एक दूसरे पर निशाना साधते भी नजर आए। लेकिन इन घटनाक्रमों के बीच अमेरिका के लांस एजेलिस में माहौल बेहद गर्म हो गया है।



### कैसे हुई हंगामे की शुरुआत?

अमेरिका की इमीग्रेशन एजेंसी यानी इमीग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट यानी आईसीई ने लांस एजेंलिस पर कई जगहों पर रेड डाली। इस रेड में 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया जो कथित तौर पर अवैध रूप से अमेरिका में रह रहे थे। जैसे ही ये गिरफ्तारियां हुई लोग सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने आईसीई के खिलाफ नारेबाजी की।

## बिग बॉस ओटीटी 3 विजेता सना अस्पताल में भर्ती




बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 2020 से ऑटोइम्यून लिवर की बीमारी से जूझ रही हैं। अपने परिवार के साथ ईद मनाने की तस्वीरें शेयर करने के कुछ ही समय बाद उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिग बॉस ओटीटी 3 की विजेता सना मकबूल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 2020 से ऑटोइम्यून लिवर की बीमारी से जूझ रही हैं। अपने परिवार के साथ ईद मनाने की तस्वीरें शेयर करने के कुछ ही समय बाद उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालाँकि उनकी स्थिति के बारे में विशेष जानकारी अभी तक नहीं बताई गई है, लेकिन उनकी दोस्त डॉ. आशना कांचवाला ने अस्पताल में सना की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनके जल्द ठीक होने की उम्मीद जताई गई है।

### तस्वीर में सना मकबूल कमजोर दिख रही थीं

अस्पताल से ली गई अपनी तस्वीर में सना मकबूल कमज़ोर दिख रही थीं। शुभकामनाएं देते हुए आशना ने लिखा, "मेरी सबसे मज़बूत दिवा, इतनी गंभीर बीमारी से जूझने के दौरान इतनी ताकत और लचीलापन दिखाने के लिए मुझे तुम पर बहुत गर्व है। इंशाअल्लाह, तुम इससे लड़ोगी और और भी मज़बूत होकर उभरोगी... अल्लाह तुम्हारे साथ है। और मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी हूं। जल्दी ठीक हो जाओ मेरा प्यार दिवा सना।

### ऑटोइम्यून समस्याओं से जूझ रही हैं सना

सना मकबूल ने पिछले कुछ समय से चुपचाप ऑटोइम्यून समस्याओं से जूझ रही हैं, जिसकी वजह से उन्हें अचानक अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। हालाँकि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन उनके करीबी लोगों ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए उनकी अटूट शक्ति और धैर्य की सराहना की है।



## सीएम से मिला मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल

# धार्मिक तीर्थ स्थलों के संरक्षण की मांग

● सीएम ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिया कि सरकार विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। सीएम से कांके रोड स्थित सीएम आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति (संथाल समाज) के 51 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मरांङ बुरू (पारसनाथ) पीरटांड, गिरिडीह संथाल आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल को संरक्षित करने एवं प्रबंधन निगरानी, नियंत्रण एवं अनुश्रवण के लिए ग्राम सभा को जिम्मेवारी देने संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया। सीएम ने मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी।



### मरांङ बुरु को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित करने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को अवगत कराया कि मरांङ बुरु (पारसनाथ पर्वत) पीरटांड, गिरिडीह युगों-युगों से प्राचीन काल से हम संथाल समुदाय मरांङ बुरु को ईश्वर के रूप में पूजा करते आ रहें हैं। छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम 1908, सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख, कमीश्नरी कोर्ट, पटना हाई कोर्ट एवं प्रीवी कौन्सील कोर्ट से संथाल आदिवासियों को प्रथागत अधिकार प्राप्त है। अत: झारखंड सरकार से माँग है कि मरांङ बुरु को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाए।

### आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए मांग

झारखंड सरकार से मांग की गई है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम बनाया जाए। मरांङ बुरु, लुगू बुरु, अतु/ग्राम, जाहेर थान (सरना), मांझी थान, मसना, हड़गडी आदि धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए यह अधिनियम आवश्यक है।

### प्रतिनिधिमंडल की मांगें

- **आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम :** झारखंड सरकार द्वारा आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए विशेष अधिनियम बनाने की मांग।
- **मरांङ बुरु का संरक्षण :** मरांङ बुरु (पारसनाथ पर्वत) को आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में संरक्षित करने की मांग।
- **ग्राम सभा की जिम्मेवारी :** मरांङ बुरु के संरक्षण, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग।
- **अतिक्रमण से मुक्ति :** मरांङ बुरु में जैन समुदाय द्वारा वन भूमि पर अवैध ढंग से किए गए निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग।
- **राजकीय महोत्सव :** मरांङ बुरु युग जाहेर, वाहा-बोंगा पूजा महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने की मांग।

### कांग्रेस भवन में बिरसा मुंडा की मनी पुण्यतिथि



रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में कांग्रेस भवन में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वक्ताओं ने कहा कि पूरे राज्य में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि मनाई जा रही है। अंग्रेजों की शोषणकारी प्रवृत्ति की वजह से मुंडाओं की सामूहिक खूंट-कट्टी व्यवस्था नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई थी। बिरसा मुंडा का क्रांतिकारी मन इनके खिलाफ बगावत से भर उठा। उन्होंने अपने अनुचरों के साथ इनके खिलाफ 1897 में उलगुलान (क्रांति) की शुरुआत की और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ते-लड़ते कारावास में उनकी मृत्यु हो गयी।

## न्यूज बॉक्स

### सीएम हेमंत सोरेन से मिले जिलों के एसपी



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पुलिस अधीक्षक गुमला हारिश बिन जमां, पुलिस अधीक्षक चतरा सुमित कुमार अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक रांची (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### स्टंट करने वाले युवक की कराई गई परेड, ट्रैफिक नियमों की दी गई जानकारी



रांची। बाइक से स्टंट करने वाले युवक कासिम को पुलिस ने सोमवार को सिरमटोली फ्लाईओवर पर परेड कराया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने युवक को परेड कराकर ट्रैफिक नियम के बारे में जानकारी दी। इससे पहले शनिवार की रात स्टंट करने वाले युवक की पहचान पुलिस ने की थी। युवक की पहचान हंटर उर्फ राइडर उर्फ कासिफ के रुप में हुई थी। वह सदर थाना क्षेत्र के खिजुरटोली का रहने वाला है। कासिफ जिस बाइक से वह स्टंट कर रहा था, पुलिस ने उसे उसके घर से बरामद कर लिया है। कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर स्टंट करने के मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बिरुआ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट मैसेज को अटैच करते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा था कि स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अविलंब कार्रवाई करें। यह जानकारी ट्रैफिक पुलिस के एक्स हैंडल के द्वारा दी।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ पहुंचे शिमला



● नरेंद्र मोदी के 11 साल बेमिसाल नीति से लोगों को कराएंगे अवगत

रांची। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर शिमला में रहेंगे। शिमला में मंत्री श्री सेठ मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियां के बारे में प्रेस के संबोधन के माध्यम से लोगों को बताएंगे। साथ ही शिमला के स्थानीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के बेमिसाल नीति और विकास की गाथा देश की जन तक पहुंचे। इसी के निमित्त भारत सरकार ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को शिमला की जिम्मेदारी सौंप है। वहीं सोमवार को शिमला पहुंचने पर सेना प्रशिक्षण कमान (एआरटीआरएसी) ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का स्वागत किया गया।

### सरना समितियों ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



रांची। केंद्रीय सरना समिति, चडरी सरना समिति, ऐदलहातू सरना समिति, सरना टोली हातमा सरना समिति ने भगवान बिरसा मुंडा के 125 वी शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि दी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा के अगुवाई में भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल कोकर में जाकर भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर भगवान बिरसा मुंडा को याद कर नमन किया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी के लिए,आदिवासी समाज के लिए, अपनी मिट्टी के लिए अपनी जमीन, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जो किया वो अकल्पनीय है। लेकिन वर्तमान सरकार लगातार आदिवासी समाज के साथ जुर्म कर रही है। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, महादेव टोप्पो, सुरेन्द्र लिंडा, सबलू मुंडा, चिकू लिंडा, मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, विशाल मुंडा, मनीष मुंडा, संतोष मुंडा, हेमंत मुंडा, महादेव मुंडा, नरेश मुंडा, विकास संगा उपस्थित थे।

### मोर्चा के नेताओं की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन : विजय शंकर



रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा करता हूं। श्री नायक ने कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं के साथ पुलिस की धक्का-मुक्की और गिरफ्तारी की घटना न केवल आदिवासी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं पर प्रहार है। भगवान बिरसा मुंडा के समाधिस्थल नेताओं को जबरन बस में बैठाकर नामकुम थाना ले जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यह दमनकारी कार्रवाई आदिवासी समाज के स्वाभिमान और उनके हक-अधिकारों पर सीधा हमला है।

### धर्मेन्द्र महतो बने राजद जिला अध्यक्ष




रांची। रांची जिला राजद अध्यक्ष के चुनाव में राजद नेता धर्मेन्द्र महतो को फिर से निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजू साह ने किया।चुनावी प्रक्रिया के तहत रांची जिला अध्यक्ष की घोषणा मंजू साह ने किया। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता मदन यादव, मनोज पांडेय, शौकत अंसारी, भास्कर वर्मा, सुरेंद्र प्रसाद, आबिद भाई, प्रणव कुमार, सुनील ठाकुर, सलील अंसारी, डीएन ठाकुर, संतोष साहू, कमलेश यादव सहित अन्य नेता और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया ।

---

## बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर पहुंची गीताश्री उरांव

# पुलिस ने सुरक्षा कारणों से लिया हिरासत में, रिहा



● सरकार के खिलाफ गीताश्री उरांव और समर्थकों ने जमकर की नारेबाजी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को जिला प्रशासन ने सोमवार को हिरासत में लिया। सिरमटोली रैंप विवाद को लेकर आंदोलन कर रही गीताश्री उरांव को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आगमन से पहले सुरक्षा कारणों से हटाया गया। गीताश्री उरांव सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहुंचने के पहले ही बिरसा मुंडा के समाधि स्थल पर अपने समर्थकों के साथ पहुंच गई। लेकिन प्रशासन की ओर से गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को मौके से हटा दिया गया।

हालांकि पुलिस की ओर से उन्हें डिटेन कर बस में बैठाया गया जिसके बाद समर्थकों ने जमकर सरकार के विरोध में नारेबाजी की। लगातार सिरमटोली रैंप को लेकर आदिवासी समाज आक्रोशित है। गीताश्री उरांव भी लगातार इसका विरोध कर रही हैं। जबकि गीताश्री उरांव के पिता बाबा कार्तिक उरांव के नाम पर इस फ्लाईओवर का नामकरण किया गया है। बावजूद इसके आदिवासी समाज का आरोप है कि उनकी भावना को ठेस पहुंचाया गया है। वहीं विपक्ष की भारतीय जनता पार्टी भी लगातार आदिवासी समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ का आरोप हेमंत सोरेन सरकार पर लगा रही है।

### नशे के विरुद्ध जागरुकता अभियान आज से

रांची। मंगलवार को मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। दिन के 11:30 बजे राज्य की जनता विशेषकर युवाओं को नशा नहीं करने, नशा छोड़ने, समाज तथा राज्य को नशा मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की जाएगी। वहीं जनजागरूकता के लिए प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। वहीं नशे के विरुद्ध लोगों को शपथ दिलाई जाएगी। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में होगा। साथ ही जागरूकता रथ रवाना करने से पूर्व एनेक्सी सभागार में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा ।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

रांची। राजधानी में सोमवार को तेज बारिश और वज्रपात हुआ। रातू थाना क्षेत्र के सुन्दर नगर, धनईसोसो में वज्रपात गिरने से 38 वर्षीय गायत्री देवी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, महिला पहाड़ में पापड़ बनाने का काम कर रही थी तभी वज्रपात के साथ बारिश भी शुरु हो गई। इससे यह बड़ा हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर रातू थाना पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई।

## झारखंड सरकार व स्पेन के दूतावास के बीच हुई बैठक

# व्यापार और संस्थागत सहयोग को आगे बढ़ाने पर बनी रणनीति



● मुख्यमंत्री के स्पेन यात्रा के बाद बनी यह स्थिति

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार और स्पेन के दूतावास ने व्यापार, निवेश, नवाचार और संस्थागत सहयोग में रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उच्च स्तरीय बैठक की। मंगलवार को उद्योग सचिव अरावा राज कमल के नेतृत्व में और स्पेन के दूतावास के मुख्य आर्थिक और वाणिज्यिक सलाहकार लूसिया पैटरनिना के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक की। यह वार्ता मुख्यमंत्री की हाल की स्पेन यात्रा के बाद की गई और रणनीतिक परिणामों को संरचित साझेदारी में बदलने पर केंद्रित थी।

बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, प्रदर्शनी अवसंरचना, खनन प्रौद्योगिकी और पर्यटन सहित सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया। झारखंड सरकार ने दीर्घकालिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने और स्पेन-झारखंड समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा।

दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी निकायों के बीच सहयोग की संभावना पर भी विचार किया। बैठक का समापन संस्थागत ढांचे को तेजी से आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जो स्पेन और झारखंड के बीच निवेश, नवाचार और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देगा।

## राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन, कहा

# उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है

नवीन मेल संवाददाता



रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर राज भवन में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी सहित राज भवन के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। वहीं कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बिरसा चौक जाकर वहां स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर राज्यपाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है।

### झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि



रांची। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने उनके बलिदान को याद किया। वहीं मौके पर कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा महान स्वतंत्रता सेनानी थे। हमें गर्व है कि हम उसी राज्य के रैयत है जहां उनका जन्म हुआ। धरती आबा अपने संघर्ष तथा नेतृत्व क्षमता के बूते अल्पायु में ही इस प्रांत से जन अधिकार की लड़ाई लड़ी और भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करते हुए रांची कारावास में आज ही के दिन उनका देहांत हुआ। उन्होंने कहा क महान क्रांतिकारी के पुण्यतिथि पर मैं समस्त झारखंड वासियों एवं झारखंड विधान सभा की ओर से उन्हें नमन करता हूं। मौके पर झारखंड विधानसभा परिसर में स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर विधानसभा के प्रभारी सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम सहित अधिकारी एवं कर्मियों द्वारा माल्यार्पण किया गया।

## झारखंडी अस्मिता का प्रतीक है धरती आबा का जीवन : सुदेश



नवीन मेल संवाददाता

रांची। धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत को 125 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके सपनों का झारखंड आज भी अधूरा है। यह बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात कहीं। उन्होंने कहा,बिरसा मुंडा सिर्फ एक योद्धा नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को जितना पढ़ेंगे, जानेंगे उतना ही हम झारखंड को भीतर से समझ सकेंगे। झारखंड को सिर्फ बाहर से देखने से उसकी आत्मा का बोध नहीं होता। धरती आबा के सिद्धांतों में झारखंड की आत्मा बसती है।सुदेश महतो ने हाल ही में आदिवासी संगठनों द्वारा बुलाए गए झारखंड बंद पर कहा कि यह बंद आदिवासी असंतोष और संघर्ष की चेतावनी है। हेमंत सरकार जिन वोटों से सत्ता में आई, आज वही सरकार उनके अस्तित्व, संस्कृति और अधिकारों पर आघात कर रही है। यह धरती आबा के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कांके नगरी में किसानों की भूमि जबरन अधिग्रहणकी घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि सरकार जनविरोधी और गांव विरोधी नीति अपना रही है। धरती आबा ने जिस जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, आज उसी जमीन को उनके वंशजों से छीना जा रहा है। 125वें शहादत वर्षपर आजसू पार्टी ने यह संकल्प लिया कि बिरसा मुंडा के विचारों और संघर्ष की भावना को आगे बढ़ाया जाएगा और राज्य की नीतियों को गांव, जमीन और जनसरोकारों के अनुरूप ढालने के लिए निरंतर संघर्ष जारी रहेगा।

**न्याय** | निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, बोले रवि कुमार भास्कर

# निराश्रित बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाना है

● प्रथम रॉस्टर में चान्हो, मांडर, बुढ़मू, खेलारी प्रखंड को शामिल किया

नवीन मेल संवाददाता



### जिला प्रशासन का लिया जाएगा सहयोग

डालसा सचिव, रवि कुमार भास्कर ने कहा कि नालसा के तत्वावधान में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित-अनाथ बच्चों को चिन्हित कर उन्हें मुख्यधारा में लाना ही उद्देश्य है। वैसे बच्चे जो अनाथ हैं, बेघर अथवा बेसहारा है, जिनका सुरक्षा का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें डालसा चिन्हित कर जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को मदद पहुंचायेगा, उनका आधार बनाया जायेगा तथा राज्य सरकार की ओर से मिलनेवाली लाभकारी योजनाओं के साथ जोड़ा भी जाएगा।

रांची। नालसा के तत्वावधान में सोमवार को खलारी ब्लॉक में साथी अभियान के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के निराश्रित बच्चों के चिन्हितीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रथम कड़ी में बुढ़मू, मांडर, चान्हो और खलारी प्रखंड को शामिल कर खलारी ब्लॉक में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर, बुढ़मू प्रखंड के विकास पदाधिकारी, धीरज कुमार, खलारी प्रखंड के विकास पदाधिकारी, संतोष कुमार, मांडर प्रखंड के विकास पदाधिकारी, चंचला कुमारी, चान्हो प्रखंड के विकास पदाधिकारी, वरूण कुमार, चारों प्रखंड के एल.एस.एल.ओ., बी.पी.आर.ओ. पंचायत सचिव समेत बूढ़मू प्रखंड के पीएलवी शादिक अली, अनिल ठाकुर, संजू कुमारी, दिपक मुंडा, बंधु उरांव, काजल कुमारी, माण्डर प्रखंड के पीएलवी तालिब अंसारी, कालिन्दर गोप, खलारी प्रखंड के पीएलवी, राम कुमार उरांव, जलेश्वर महतो, विकास भुईंया, सतपाल शर्मा, चान्हो प्रखंड के पीएलवी, हरीराम करमाली, संजित उरांव, अलमा एक्का, सुमती कुमारी, सोनु कुमार सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले उस्मान ख्वाजा ने बताया क्या है उनका 'रिटायरमेंट प्लान'

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 11 जून से आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल खेला जाना है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा का मानना है कि वह अभी भी अपने खेल के शीर्ष पर हैं। अभी उस्मान ख्वाजा रिटायरमेंट के बारे में नहीं सोच रहे। उनका कहना है कि जब भी सही समय आएगा, वह अपने करियर को अलविदा कह देंगे। उस्मान ख्वाजा पूरे डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष पर रहे हैं। ख्वाजा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जाने वाले खिताबी मैच से पहले कुल 1,422 रन बनाए हैं। वह मौजूदा चक्र के दौरान टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उस्मान ख्वाजा ने आईसीसी डिजिटल को बताया, "मेरे लिए बढ़ती उम्र का कोई मतलब नहीं। अगर मैं अभी भी अपने खेल का लुत्फ उठा रहा हूं। अभी भी वास्तव में कड़ी ट्रेनिंग कर रहा हूं, मैं अभी भी रन बना रहा हूं, अभी भी टीम में अपना योगदान दे रहा हूं, तो मेरे अंदर अभी भी भूख है।

### दक्षिण अफ्रीका बनाम ऑस्ट्रेलिया : विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें टी20 वर्ल्ड कप के पहले आईसीसी खिताब पर

**एजेंसी । लंदन**

वैश्विक टूर्नामेंटों में बादशाहत कायम करने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार से शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उतरेगी तो उसके सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। वैश्विक टूर्नामेंटों के फाइनल में उसे हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूर्नामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी। टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी।



### भारत से भिड़ंत को तैयार ऑस्ट्रेलिया वार्नर बाहर, हेजलवुड फिट

ऑस्ट्रेलिया के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है। मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाए थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने IPL में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है। 19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे।

### लॉर्ड्स में टक्कर तय: रबाडा की चुनौती, स्मिथ की लय बरकरार

स्मिथ ने हालांकि पिछले पांच टेस्ट मैचों में चार शतक जड़े है और उन्होंने 10,000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम के रनों के लगभग बराबर है। लॉर्ड्स उनका औसत 58 के आसपास का है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है। रबाडा के नाम 327 टेस्ट विकेट है। उन्हें मार्को यानसेन से बेहतर मदद की उम्मीद होगी। वामहस्त तेज गेंदबाज यानसेन ने डब्यूटीसी चक्र में छह मैचों में 29 विकेट चटकाए हैं। टीम में लुंगी एनगिडी और डेन पैटरसन तेज गेंदबाजी के तीसरे विकल्प होंगे। एनगिडी आईपीएल खेल कर वहां पहुंच है तो वही पेटरसन ने हाल में काउंटी क्रिकेट खेला है। एडेम मारक्रम और रयान रिकेल्टन दक्षिण अफ्रीका के लिए पारी का आगाज करेंगे।

## पुर्तगाल कोच मार्टिनेज बोले, हम 'नेशंस लीग' जीतने के पूरी तरह हकदार थे

**म्यूनिख (आईएएनएस)**



स्पेन को 5-3 से हराकर नेशंस लीग का खिताब जीतने वाली पुर्तगाल टीम के हेड कोच रोबर्टो मार्टिनेज बेहद खुश दिखे। मार्टिनेज ने टीम के खिलाड़ियों की जमकर प्रशंसा की और कहा कि हम खिताब जीतने के हकदार थे। म्यूनिख फुटबॉल एरीना में खेले गए नेशंस लीग फाइनल में निर्धारित समय में खेला गया मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। पेनल्टी में पुर्तगाल ने स्पेन को हराकर खिताब जीता। इस जीत के साथ ही पुर्तगाल दो बार यूईएफए नेशंस लीग जीतने वाली पहली टीम बन गई। जीत के बाद पुर्तगाल के कोच रोबर्टो मार्टिनेज ने कहा, "फाइनल में जीत पर गर्व है। जीत बेहद अहम थी। हमने उस टीम के खिलाफ जोरदार वापसी करते हुए जीत हासिल की जिसे फाइनल खेलने का अनुभव है। मुझे अपने खिलाड़ियों का खेल और रवैया पसंद आया। हम जीत के हकदार थे। हेड कोच ने कहा कि 11 से ज्यादा खिलाड़ियों का होना बेहद जरूरी है। यह खेल शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होता है। मैच को लेकर हमारा दृष्टिकोण बेहद स्पष्ट था।

## दूसरे टी20 में इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से पराजित किया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिस्टल में रविवार को खेले गए दूसरे टी20 मैच में चार विकेट से जीत हासिल की है। इस जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज में इंग्लैंड 2-0 से आगे हो गई है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 196 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के लिए जॉनसन चार्ल्स ने 47, कप्तान शे होप ने 49, रोवमन पॉवेल ने 34 और जेसन होल्डर ने नौ गेंद पर नाबाद 29 रन बनाए। चार्ल्स और होप ने अगर तेज गति से बल्लेबाजी की होती तो स्कोर 225 के पार जा सकता था। इंग्लैंड के लिए लुक वुड ने चार ओवर में 25 रन देकर दो और ब्रायडन कार्स, जैकब बेथल तथा आदिल रशीद ने एक-एक विकेट लिए। 197 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को नौ के स्कोर पर पहला झटका लगा जब जेमी स्मिथ महज चार रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें जेसन होल्डर ने आउट किया। इसके बाद बेन डकेट और जोस बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी कर टीम की शुरुआत को मजबूती दी थी। डकेट 18 गेंद में 30 रन बनाकर आउट हुए। बटलर ने कप्तान हैरी ब्रूक के साथ तीसरे विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम का स्कोर 112 तक पहुंचाया।

## 10 साल की अतीका रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में टॉप 10 पहुंचने वाली पहली भारतीय

**ट्रिनेच (चेक गणराज्य)**



भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया। फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं।

भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया।

अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।'

## बीसीसीआई ने बदले भारत के मैचों के वेन्यू

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष और महिला टीमों के कुछ मुकाबलों को लेकर अहम फैसला लिया है। भारत-वेस्टइंडीज के बीच अक्टूबर में दो टेस्ट मुकाबलों की घरेलू सीरीज खेली जानी है। बीसीसीआई ने सोमवार को बताया कि वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज का दूसरा मैच 10-14 अक्टूबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले ये मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाना था। इसी के साथ बीसीसीआई ने घोषणा की है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का पहला टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के बजाय, कोलकाता के ईडन गार्डन्स में होगा। यह मुकाबला 14 नवंबर से 18 नवंबर तक खेला जाना है।




## पेनल्टी-शूटआउट में स्पेन को हराकर पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पुर्तगाल ने सोमवार को नेशंस लीग का खिताब अपने नाम कर लिया। जर्मनी के म्यूनिख में खेले गए रोमांचक मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को पुर्तगाल ने 5-3 से शिकस्त दी। इसी के साथ पुर्तगाल दो बार यूईएफए नेशंस लीग खिताब जीतने वाला पहला देश बन गया। इस खिताबी जीत ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इमोशनल कर दिया। आलम ये रहा कि स्टार फुटबॉलर मैदान पर अपने आंसू नहीं रोक सके। खिताबी मुकाबले में दोनों ही देश शुरुआती मिनट से ही आक्रामक नजर आए। मुकाबले का पहला गोल स्पेन के नाम रहा। ये सफलता 21वें मिनट तब मिली, जब पुर्तगाल के लैमिन यामल के क्रॉस को क्लियर करने में नाकाम रहने पर मार्टिन जुबिमेंडी ने गोल कर दिया। इसके तुरंत बाद पुर्तगाल ने जवाबी हमला किया। नूनो मेंडेस ने ऑस्कर मिंगुएजा को पछाड़ते हुए पांच मिनट बाद ही अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को बराबरी पर ला दिया।

## पीएम मोदी ने खेल के लिए किया शानदार काम, उनके विजन में भारत बनेगा नंबर वन

**बेंगलुरु ( आईएएनएस)**

भारतीय पैरा-एथलीट के. वाई. वेंकटेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने पीएम मोदी के 11 साल के कार्यकाल को शानदार बताया। उन्होंने पीएम मोदी की नेतृत्व शैली और खेलों में योगदान की भी सराहना की।

वेंकटेश ने पीएम मोदी को एक अनोखा और सेवाभावी नेता बताया, जो देश को नंबर वन बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। वेंकटेश ने कहा कि पहले पद्म पुरस्कार केवल खास लोगों तक सीमित थे, लेकिन अब मोदी सरकार ने इसे आम लोगों का सम्मान बना दिया। पहले यह आम लोगों का पुरस्कार नहीं था। लोग सोचते थे कि यह सिर्फ बड़े लोगों को मिलता है। लेकिन अब, जो पर्दे के पीछे काम करते हैं, जिन्होंने समाज के लिए बहुत कुछ किया, खासकर ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोग, उनकी पहचान हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले इन लोगों का नाम गूगल पर भी नहीं मिलता था, लेकिन पद्म पुरस्कार मिलने के बाद अब उनकी उपलब्धियां सबके सामने आ रही हैं। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के विकास की भी तारीफ की। कहा कि मोदी जी तीसरी बार पीएम बने हैं और अर्थव्यवस्था, उद्योग और खेलों में शानदार काम कर रहे हैं। मैं खेलों की बात करूंगा। पहले एशियाई खेलों या पैरालंपिक में हमारे पदक दोहरे अंक तक नहीं पहुंचते थे। अब एशियाई खेलों में हमने तीन अंकों का आंकड़ा पार किया है और ओलंपिक में भी दोहरे अंक छू रहे हैं। उन्होंने पैरा-एथलीटों के लिए भी मोदी सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी खेल केंद्र बनाया गया है, जो भारतीय खेल प्राधिकरण के तहत काम कर रहा है। यह पैरा-एथलीटों के लिए बड़ी सौगात है। उन्होंने पीएम मोदी को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "मैं चाहता हूं कि वे अगले 10-20 साल तक देश का नेतृत्व करें। उनके विजन से भारत नंबर वन बनेगा।

### खेलों में भारत की उपलब्धियां



- पहले एशियाई खेलों या पैरालंपिक में भारत के पदक दोहरे अंक तक नहीं पहुंचते थे।
- अब एशियाई खेलों में भारत ने तीन अंकों का आंकड़ा पार कर लिया है और ओलंपिक में भी दोहरे अंक हासिल कर रहा है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## शेयर बाजार हरे निशान में बंद निफ्टी बैंक ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई (आईएएनएस)** । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 256.22 अंक या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,445.21 और निफ्टी 100.15 अंक या 0.40 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,103.20 पर था। इस तेजी का नेतृत्व निफ्टी बैंक ने किया और 57,049.50 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। कारोबार के अंत में निफ्टी बैंक 261.20 अंक या 0.46 प्रतिशत बढ़कर 56,839.60 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 664.65 अंक या 1.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,674.95 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 290.95 अंक या 1.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,873.40 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल और मीडिया इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। केवल निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ही लाल निशान में बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टीसीएस और टाटा मोटर्स टॉप गेनर्स थे। इटरनल (जोमैटो), आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एमएंडएम और टाटा स्टील टॉप लूजर्स थे।

# एसबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में सरकार को 8,077 करोड़ का लाभांश दिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 8,076.84 करोड़ रुपए का लाभांश चेक दिया। एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी ने वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में वित्त मंत्री को यह चेक सौंपा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा," वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एसबीआई के चेयरमैन सीएस सेट्टी से 8076.84 करोड़ रुपए का लाभांश चेक मिला। भारत की टॉप पब्लिक सेक्टर कंपनियों ने 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मुनाफे में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जिससे सरकार की राजकोषीय स्थिति और मजबूत होने की उम्मीद है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई और बीमा दिग्गज भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने क्रमशः 18,643 करोड़ रुपए और 19,013 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ के साथ बढ़त हासिल की। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए एसबीआई का शुद्ध लाभ अब 70,901 करोड़ रुपए हो गया है, जबकि एलआईसी ने 48,151 करोड़ रुपए का प्रभावशाली शुद्ध लाभ दर्ज किया है। एनर्जी सेक्टर में कोल इंडिया ने चौथी तिमाही के दौरान 9,604 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 7,265 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया।

### पावर सेक्टर में प्रमुख पीएसयू कंपनियों का प्रदर्शन

**एनटीपीसी**
- देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी
- जनवरी-मार्च तिमाही में ₹7,897 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया

**पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन**
- ₹8,358 करोड़ की शानदार कमाई की
- लाभ के मामले में एनटीपीसी से भी आगे

**पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया**
- ₹4,143 करोड़ का मजबूत लाभ इस तिमाही में

## विझिनजाम बंदरगाह को मिली वैश्विक मान्यता : सीएम विजयन



**तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने सोमवार को अदाणी समूह के विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर दुनिया के सबसे बड़े कंटेनर जहाज 'एमएससी इरिना' के आगमन की सराहना करते हुए, इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विजयन ने कहा कि 'एमएससी इरिना' का आना बंदरगाह की रणनीतिक वैश्विक भूमिका को दर्शाता है और विकास के हमारे सामूहिक सपने को गति देता है।

उन्होंने कहा, "केरल किसी भी दक्षिण एशियाई बंदरगाह पर सबसे बड़े कंटेनर जहाज 'एमएससी इरिना' का बहुत गर्व के साथ स्वागत करता है। उन्होंने आगे कहा, 399.9 मीटर लंबाई और 61.3 मीटर चौड़ाई वाले इस जहाज की क्षमता 24,346 टीईयू है और इसका विझिनजाम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह पर आगमन एक ऐतिहासिक क्षण है। विजयन ने पोस्ट किया, "यह एक गौरवपूर्ण मील का पत्थर है।

## भारती एयरटेल ने पैन इंडिया नेटवर्क के लिए एरिक्सन के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारती एयरटेल ने सोमवार को एरिक्सन के साथ एक बहुवर्षीय रणनीतिक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत स्वीडिश दिग्गज 4जी, 5जी एनएसए, 5जी एसए, फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए), प्राइवेट नेटवर्क और नेटवर्क स्लाइसिंग में एयरटेल सेवाओं का प्रबंधन करेगी। इस साझेदारी के तहत एरिक्सन अपने स्टेट-ऑफ-द-आर्ट नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर (एनओसी) के जरिए एयरटेल के पैन इंडिया नेटवर्क का प्रबंधन करेगी और पूरे देश में एफडब्ल्यूए और नेटवर्क स्लाइसिंग का विस्तार करेगी। भारती एयरटेल के सीटीओ रणदीप सेखों ने कहा, "हम एरिक्सन के साथ अपने मजबूत सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्साहित हैं, क्योंकि हम अपने ग्राहकों के लिए एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करने वाले फ्यूचर-रेडी नेटवर्क बनाने के अपने लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

## स्विट्जरलैंड और स्वीडन दौरे पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को अपनी पांच दिवसीय यात्रा के हिस्से के रूप में स्विट्जरलैंड की अपनी आधिकारिक यात्रा शुरू कर दी है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए स्वीडन भी जाएंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह यात्रा प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक-आर्थिक साझेदारी को गहरा करने, मजबूत व्यापार-निवेश संबंधों को आगे बढ़ाने और मजबूत वैश्विक विकास के लिए साझा दृष्टिकोण का समर्थन करने की भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्री की यह यात्रा यूरोप की दो सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के जुड़ाव को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बयान में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री गोयल की बैठकें दोनों देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और व्यापार संघों के साथ उच्च प्रभाव वाली बातचीत से जुड़ी होंगी। केंद्रीय मंत्री गोयल द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने के लिए स्विट्जरलैंड में ग्लोबल सीईओ और प्रमुख उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। यात्रा कार्यक्रम में फार्मा एंड लाइफ साइंसेज और प्रेसिजन इंजीनियरिंग/मशीन टूल्स/हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग जैसे सेक्टर में प्रमुख स्विस उद्योग दिग्गजों के साथ बैठकें शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री आईसीएआई ज्यूरिख चैप्टर से भी जुड़ेंगे और भारतीय मीडिया से बातचीत करेंगे।